दैनिक

नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 6 | आंचलिक 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, गुरूवार 30 मार्च 2023, कृष्ण पक्ष नवमी, विक्रम संवत-2080 वर्ष-12 अंक-48 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

भगोड़े अमृतपाल के पीछे भागती पुलिस हांफने लगी है लेकिन वह तो मानो मिस्टर इंडिया बन गया है। जो कहीं सीसीटीवी कैमरे में नजर आता है और फिर गधे के सिर से सिंग की तरह गायब हो जाता है। पंजाब सहित कई राज्यों की पुलिस अमृतपाल की तलाश में है और किसी भी क्षण उसकी गिरफ्तारी का खोखला दावा कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर रही है। वह भगोड़ा फिल्म डॉन का यह डायलॉग मार कर मागांबो की तरह खुश हो रहा होगा - अमृतपाल को कई राज्यों की पुलिस ढूंढ रही है लेकिन अमृतपाल को पकड़ना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है।

//-- सुविचार --//

अगर आप हार नहीं मानते, तो आपको कोई नहीं हरा सकता।

जनसंख्या

विश्व : 8,024,588,098

भारत: 1,417,985,224

बाजार

सेंसेक्स : 57960.09

निफ्टी: 17080.70

गोल्ड :59,820 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 73,000 प्रति किग्रा

अण्डा दर: 4.36 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	36.0	24.6
बिलासपुर	35.0	22.0
जगदलपुर	33.8	20.5
अंबिकापुर	29.8	19.2

आज का दिवस

राजस्थान दिवस :- हर वर्ष 30 मार्च को राजस्थान दिवस मनाया जाता है। 1949 में इसी तारीख को जोधपुर, जयपुर, जैसलमेर और बीकानेर रियासतों का विलय होकर 'वृहत्तर राजस्थान सङ्घ' बना था। इस दिन राजस्थान के लोगों की वीरता, दृढ़ इच्छाशक्ति तथा बलिदान को नमन किया जाता है। यहाँ की लोक कलाएँ, समृद्ध संस्कृति, महल, व्यञ्जन आदि एक विशिष्ट पहचान रखते हैं। इस दिन कई उत्सव और आयोजन होते हैं जिनमें राजस्थान की अनूठी संस्कृति का दर्शन होता है। इसे पहले राजपूताना के नाम से जाना जाता था तथा कुल 19 रियासतों को मिलाकर यह राज्य बना तथा इसका नाम 'राजस्थान' किया गया जिसका शाब्दिक अर्थ है 'राजाओं का स्थान' क्योंकि स्वतन्त्रता से पूर्व यहाँ कई राजा-महाराजाओं ने राज किया। राजस्थान का एकीकरण 7 चरणों में हुआ।

'बिना जांच राहुल को सुनाई सजा : शैलजा

■ **बीजेपी कर रही ओबीसी पॉलिटिक्स, हमारे तीन में दो मुख्यमंत्री ओबीसी समाज से**

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व सांसद राहुल गांधी की सदस्यता को कांग्रेस अब फ्रंट फुट पर खेल रही है। देश भर में राहुल गांधी के समर्थन में कांग्रेस नेता प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं। इसी के तहत पूर्व केंद्रीय मंत्री और छत्तीसगढ़ की प्रभारी कुमारी शैलजा ने बुधवार को रायपुर के राजीव भवन में पत्रकारवार्ता को संबोधित किया। उन्होंने राहुल गांधी पर लगे आरोपों को बेबुनिया बताते हुए कहा कि राहुल गांधी को संसद में बोलने से रोका गया। उनसे माफी मंगवाने की कोशिश की गई। उनके पत्र तक का जवाब नहीं दिया गया। कुमारी शैलजा ने कोर्ट के आदेश पर भी सवाल उठाया। कहा कि, बिना जांच के ही राहुल गांधी को दो साल की सजा सुना दी गई। पूर्व मंत्री शैलजा ने कहा कि, अदालत की लड़ाई अदालत में लड़ेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि, भाजपा ने इस मुद्दे को गलत तरीके से उठाया। इसके बाद इसके बाद राहुल गांधी के ऊपर कार्यवाही की गई। उन्होंने कहा कि, यह भ्रष्टाचार की लड़ाई है, जाति की नहीं है। भाजपा जातियों के आधार पर समाज को बांटना चाहती है। शैलजा ने मकान खाली करने के नोटिस पर भी जवाब दिया। कहा कि, कानूनी लड़ाई के बावजूद राहुल गांधी का मकान खाली कराने नोटिस दिया गया। भाजपा को मकान खाली कराने की जल्दी है। राहुल गांधी ने मकान खाली करने के लिए चिट्ठी लिख दी है।

छत्तीसगढ़ में पूर्व मंत्रियों को बंगले का होगा रिव्यू : राहुल गांधी को बंगला खाली करने का नोटिस मिलने के बाद छत्तीसगढ़ में ये चर्चा है कि, क्या सरकार यहां पूर्व मंत्रियों का बंगला खाली कराएगी? इसको लेकर कुमारी सैलजा ने कहा कि, इसका रिव्यू किया जाएगा। और हमारी सरकार इसे देखेगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हमने अंग्रेजों के साथ लड़ाई लड़ी, ईट का जवाब पत्थर से दिया था। हम राजनीतिक लड़ाई भी इसी तरह लड़ेंगे। कांग्रेस की पीसी में मोहन मरकाम, टीएस सिंहदेव, प्रेमसाय सिंह टेकाम, शिव डहरिया, सत्यनारायण शर्मा समेत कई अन्य नेता मौजूद थे।

राहुल गांधी सच बोले, इसलिए उन पर कार्रवाई हुई

राहुल गांधी की सदस्यता रद्द किए जाने के मामले में सैलजा ने कहा कि एक ऐसा मुद्दा आया है जो देश की जनता ने कहीं नहीं देखा होगा। जिस तरह राहुल गांधी के साथ हुआ। चाहे कोर्ट का घटनाक्रम हो या फिर उसके बाद की घटनाएं हो, सब कुछ सामने है। केवल कोर्ट के ही फैसले की बात नहीं है, फैसला आने के बाद जिस तत्परता से उनकी सदस्यता समाप्त की गई ये किसी चाल का हिस्सा है।

भाजपा के राष्टीय अध्यक्ष के बयान पर पलटवार

छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि, तीन में से हमारे दो मुख्यमंत्री ओबीसी समाज से हैं। आखिर बीजेपी क्या जताना चाहती है। दरअसल सैलजा बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के उन बयानों का पलटवार करते हुए बोलीं हैं, जिनमें नड्डा ने कहा था कि, कांग्रेस ओबीसी के खिलाफ है। इन दिनों बीजेपी राहुल गांधी के मोदी वाले बयान को ओबीसी का अपमान बता रही है, इस पर सैलजा ने कहा, बीजेपी ओबीसी पॉलिटिक्स कर रही है। माफी इन लोगों को मांगना चाहिए, जो नीरव मोदी जैसे लोगों को इस कैटेगरी में डालना चाह रहे हैं। वो भ्रष्टाचारी हैं और भ्रष्टाचारी किसी भी जाति का नहीं होता है।

दूसरे दिन भी ईडी की कार्रवाई जारी

रायपुर मेयर ढेबर समेत शराब कारोबारी और नेताओं के ठिकानों पर पड़ा छापा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। कार्रवाई बुधवार को भी जारी है। ईडी की टीम सुबह 5 बजे से छापेमारी की कार्रवाई कर रही है। जानकारी के मुताबिक, रायपुर मेयर एजाज ढेबर, महापौर के भाई अनवर ढेबर, शराब कारोबारी अमोलक सिंह भाटिया, बलदेव सिंह भाटिया, पप्पू बंसल, विनोद बिहारी आदि लोगों के यहां ईडी ने सुबह-सुबह छापेमारी की है। दुर्ग-भिलाई में ईडी की टीम ने तीन जगह छापा मारा है। नगर निगम दुर्ग के पूर्व पार्षद व गैंगस्टर विनोद बिहारी के दीपक स्थित निवास में ईडी की कार्रवाई चल रही है। लोहा व्यवसायी खुर्सीपार निवासी पप्पू बंसल के घर में ईडी की टीम ने सुबह ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छह महीने से घोटाले की चल रही जांच

इससे पहले कोयला परिवहन घोटाले की जांच में जुटी ईडी की टीम ने एक बार फिर छत्तीसगढ़ में धावा बोला। मंगलवार को ईडी केअधिकारियों की टीम कोयला कारोबारियों, खनिज विभाग के अधिकारियों और परिवहन के कारोबार से जुड़े लोगों के घर पहुंची और दस्तावेजों की जांच की। रायपुर, दुर्ग-भिलाई, महासमुंद, बिलासपुर और रायगढ़ में ईडी की टीम ने एक दर्जन स्थानों पर कार्रवाई की है। सूत्रों की माने तो अधिकारियों के ठिकानों से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले छह महीने से ईडी कोयला परिवहन घोटाले की जांच कर रही है। इस मामले में ईडी ने आइएएस समीर बिश्नोई सहित सौम्या चौरसिया, सूर्यकांत तिवारी, लक्ष्मीकांत तिवारी, सुनील अग्रवाल व दो खनिज अफसरों समेत नौ लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस मुखबिरी के शक में ग्रामीण की हत्या

सुकमा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सुकमा में नक्सलियों ने मंगलवार देर रात फिर एक ग्रामीण की हत्या कर दी। देर रात नक्सली गांव में पहुंचे और ग्रामीण को अगवा कर ले गए। इसके बाद धारदार हथियार से उसे मार दिया। फिर शव छोड़कर भाग निकले। नक्सलियों ने शव के पास ही पर्चे भी फेंके हैं। इसमें ग्रामीण पर पुलिस मुखबिर होने का आरोप लगाया है। नक्सलियों ने ग्रामीण के भाई को भी धमकी दी है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। मामला भेज्जी थाना क्षेत्र का है। ओंधेरपारा निवासी मड़कम राजेश ने बताया कि मंगलवार रात घर के सभी सदस्य खाना खाने के बाद सो रहे थे। इसी दौरान कुछ नक्सली घर में घुस आए। उन्होंने बड़े भाई मड़कम रमेश को उठाया और फिर घर से कुछ दूर ले जाकर हत्या कर दी। शव के पास नक्सलियों ने पर्चे फेंके हैं। इसमें लिखा है कि मड़कम राजेश तीन साल से पुलिस का मुखबिर था। पुलिस मुखबिरी छोड़ने के लिए उसे कई बार समझाया भी, पर नहीं माना। इसके बाद नक्सलियों की कोंटा एरिया कमेटी ने उसकी मौत का फरमान जारी कर दिया।

प्रार्थना कर लौट रहे पूर्व उपसरपंच को उठाकर ले गए नक्सली, गला घोंट कर मारा

नारायणपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में नक्सलियों की कायरना हरकत और करतूत फिर बढ़ने लगी है। नारायणपुर में नक्सलियों ने मंगलवार देर रात पूर्व उपसरपंच की गला घोंटकर हत्या कर दी। पूर्व उपसरपंच प्रार्थना के बाद घर लौट रहे थे। रास्ते से ही नक्सली उन्हें उठाकर ले गए और डंडे से उनका गला दबा दिया। इसके बाद शव परिजनों को सौंपकर वहां से भाग निकले। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। इलाके में भी सर्चिंग जारी है। मामला धनोरा थाना क्षेत्र का है। वहीं सुकमा में भी नक्सलियों ने पुलिस मुखबरी के आरोप में एक ग्रामीण की हत्या की है। एसपी पुष्कर शर्मा ने बताया कि, मंगलवार रात करीब 10 बजे चार वर्दीधारी हथियारबंद नक्सली ग्राम झारा निवासी पूर्व सरपंच रामजी दोदी के घर पहुंचे। वहां परिजनों ने रामजी के एक रिश्तेदार के घर प्रार्थना के लिए जाना बताया। इसके बाद नक्सलियों ने रामजी के भतीजे मयाराम दोदी और मैनू राम दोदी को पकड़कर ले जाने लगे। रास्ते में रामजी मिले तो उन्हें भी पकड़ लिया। तीनों को लेकर नक्सली जंगल में पहुंचे। वहां पहले से ही 20 से ज्यादा नक्सली मौजूद थे। उन्होंने रामजी दोदी पर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाया और फिर डंडे से गला दबाकर उनकी हत्या कर दी।

चुनौतियों के बावजूद लोकतंत्र परिणामकारी होता है : मोदी

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि लोकतंत्र भारत की प्राचीन संस्कृति का सहज भाव है और इसीलिए तमाम वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत आज सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था और इस बात का जीवंत उदाहरण है कि लोकतंत्र परिणामकारी होता है। मोदी ने लोकतंत्र को लेकर दूसरे वैश्विक शिखर सम्मेलन में वीसी के माध्यम से शिरकत करते हुए अपने संबोधन की शुरुआत के भारत के 1.4 अरब लोगों की ओर से शुभकामना ज्ञापन के साथ की। उन्होंने कहा कि निर्वाचित नेताओं का विचार प्राचीन भारत में शेष विश्व से बहुत पहले एक सामान्य बात थी। हमारे प्राचीन महाकाव्य महाभारत में नागरिकों का पहला कर्तव्य अपने नेता को चुनने के रूप में वर्णित किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे पवित्र वेदों में व्यापक-आधारित परामर्शी निकायों द्वारा राजनीतिक शक्ति का प्रयोग करने की बात कही गयी है। प्राचीन भारत में गणराज्य राज्यों के कई ऐतिहासिक संदर्भ भी हैं, जहां शासक वंशानुगत नहीं थे। इसीलिए हम कहते हैं कि भारत वास्तव में लोकतंत्र की जननी है। उन्होंने कहा, ÷लोकतंत्र केवल एक संरचना नहीं है, यह एक आत्मा भी है। यह इस विश्वास पर आधारित है कि हर इंसान की जरूरतें और आकांक्षाएं समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। इसीलिए, भारत में, हमारा मार्गदर्शक दर्शन 'सबका साथ, सबका विकास' है, जिसका अर्थ है कि समावेशी विकास के लिए एक साथ प्रयास। उन्होंने कहा कि चाहे जीवन शैली में परिवर्तन के माध्यम से जलवायु परिवर्तन से लड़ने का हमारा प्रयास हो, वितरित भंडारण के माध्यम से जल संरक्षण करना हो, या सभी को स्वच्छ खाना पकाने का ईंधन प्रदान करना हो, हर पहल भारत के नागरिकों के सामूहिक प्रयासों से संचालित होती है। लोकतंत्र के लिए शिखर सम्मेलन अमेरिका द्वारा 'आंतरिक लोकतंत्र को नवीनीकृत करने और विदेशों में निरंकुशताओं का सामना करने' के मकसद से आयोजित एक वर्चुअल यानी आभासी शिखर सम्मेलन है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

फर्जी सूचनाओं का प्रसार चिंता का विषय : मुर्मू

नई दिल्ली (वार्ता)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने फर्जी सूचनाओं के प्रचार-प्रसार को चिंता का विषय करार देते हुए कहा है कि सूचना सेवा के अधिकारियों को इस समस्या का समाधान करना चाहिए। राष्ट्रपति मुर्मू ने बुधवार को भारतीय सूचना सेवा के अधिकारियों तथा अधिकारी प्रशिक्षुओं एवं भारतीय नौसेना आयुध सेवा के प्रोबेशनरी अधिकारियों से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। राष्ट्रपति ने भारतीय सूचना सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि संचार सरकारी नीतियों, कार्यक्रमों तथा इसके कामकाज के बारे में नागरिकों को जागरूक करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। प्रभावी संचार और सही सूचना के माध्यम से अधिकारी देश की प्रगति में नागरिकों को जागरूक भागीदार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सूचना के व्यापक और तत्काल प्रसार के साथ ही समान रूप से तेज गति से फर्जी सूचनाएं भी उभर रही है जो एक चुनौती है। भारतीय सूचना सेवा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

'जब नेता राजनीति में धर्म का उपयोग बंद कर देंगे, नफरती भाषण भी खत्म हो जाएंगे : सुको

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को नफरती भाषणों को गंभीरता से लिया और कहा कि जिस क्षण राजनीति और धर्म अलग हो जाएंगे एवं नेता राजनीति में धर्म का उपयोग बंद कर देंगे, ऐसे भाषण समाप्त हो जाएंगे। न्यायालय ने कहा कि तुच्छ तत्वों द्वारा नफरती भाषण दिए जा रहे हैं और लोगों को खुद को संयमित रखना चाहिए। न्यायमूर्ति के. एम. जोसेफ और न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना की पीठ ने पूर्व प्रधानमंत्रियों जवाहरलाल नेहरू और अटल बिहारी वाजपेयी के भाषणों को उद्धृत करते हुए कहा कि उनके भाषणों को सुनने के लिए दूर-दराज के इलाकों से लोग एकत्र होते थे। पीठ ने हैरानी जताई कि अदालतें कितने लोगों के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई शुरू कर सकती हैं और भारत के लोग अन्य नागरिकों या समुदायों को अपमानित नहीं करने का संकल्प क्यों नहीं ले सकते। पीठ ने नफरती भाषण देने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने में विफल रहने के लेकर विभिन्न राज्य प्राधिकरणों के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

केंद्र सरकार के खिलाफ धरने पर बैठीं ममता

कोलकाता। पश्चिम बंगाम की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बुधवार से दो दिनों के लिए धरने पर बैठ गई है। ममता ने बुधवार यानी की आज से लेकर 48 घंटे तक के लिए गरना प्रदर्शन करेगी। उनका ये प्रदर्शन केंद्र सरकार के खिलाफ है। ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया है कि सरकार बंगाल की योजनाओं के लिए पैसे नहीं दे रही है। बनर्जी ने मंगलवार को केंद्र पर हमला बोलते हुए कहा, केंद्र सरकार ने 7000 करोड़ रुपये नहीं दिया है। 100 दिन काम योजना के तहत एक दिन का काम नहीं दिया है।उन्होंने कहा, ऐसा लगता है कि जीएसटी का समर्थन करके गलती कर दी है। वहीं, टीएमसी के सभी सांसद भी 'लोकतंत्र, संघवाद और संसद बचाओ' के मुद्दे को लेकर आज सुबह 10 बजे से संसद भवन में अंबेडकर प्रतिमा पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे पहले भी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा था कि इस साल भी बजट में मनरेगा और आवास योजना के लिए एक भी पैसा नहीं दिया गया है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

बजा चुनावी बिगुल... **224 विधानसभा सीट के लिए एक ही दिन में मतदान, 13 अप्रैल को अधिसूचना**

कर्नाटक में चुनावी ऐलान...10 को मतदान, 13 को गणना

नई दिल्ली (वार्ता)। कर्नाटक की 224 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव के लिए मतदान एक ही दिन में 10 मई को कराए जाएंगे। आयोग ने बुधवार को राज्य विधानसभा चुनाव कराने की घोषणा करते हुए कहा कि मतगणना 13 मई को करायी जाएगी। आयोग वहां चुनाव के लिए अधिसूचना 13 अप्रैल को जारी करेगा। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बुधवार को यहां विशेष संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा करते हुए कहा कि कर्नाटक में इस बार चुनाव में कुल पांच करोड़ 24 लाख से अधिक मतदाता चुनाव नतीजे तय करेंगे। विज्ञान भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडेय और अरुण गोयल भी मौजूद थे। कर्नाटक विधानसभा का कार्यकाल 24 मई को समाप्त हो रहा है। कर्नाटक में विधानसभा का पिछला चुनाव मई 2018 में कराया गया था। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि चुनाव के लिए अधिसूचना 13 अप्रैल को जारी होगी, नामांकन दाखिल करने की आखिरी तिथि 20 अप्रैल होगी। नामांकन 24 अप्रैल तक वापस लिए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में एक चरण में 10 मई को मतदान होगा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता अपने घर से करेंगे मतदान

इस चुनाव में 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता अपने घर से मतदान कर सकेंगे। आयोग के अनुसार राज्य में ऐसे मतदाताओं की संख्या इस बार 12,15,142 है। राज्य में मतदान के लिए कुल 58 हजार 282 मतदान केन्द्र बनाये जायेंगे। इस बार नौ लाख 17 हजार नये मतदाता जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया 24 मई से पहले पूरी कर ली जायेगी। कर्नाटक में 36 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अनुसूचित जाति तथा 15 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। मतदान के लिए 224 ऐसे मतदान केन्द्र बनाए जायेंगे जहां युवा कर्मचारी तैनात रहेंगे, जबकि सौ मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग कर्मचारी तैनात होंगे। उल्लेखनीय है कि पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 104 कांग्रेस को 80 और जनता दल सेक्युलर (जेडी एस) को 37 सीटों पर विजय मिली थी।

वायनाड उपचुनाव के लिए छह महीने का समय

मुख्य चुनाव आयुक्त ने संवाददाताओं से बातचीत में एक सवाल पर कहा कि कि आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय दल के रूप में मान्यता देने के विषय में समीक्षा का काम चल रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अयोग्य करार दिए जाने के बाद वायनाड (केरल) संसदीय सीट का उप-चुनाव कराए जाने के प्रश्न पर मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा रिक्त सीट पर उपचुनाव कराने के लिए आयोग के पास छह महीने का समय है। उन्होंने कहा कि इस मामले में निर्णय सुनवायी अदालत ने निर्णय के खिलाफन यायिक उपाय के लिए 30 दिन का समय दिया है। उन्होंने कहा, इसलिए, हम (अभी) इंतजार करेंगे। उन्होंने बताया कि कर्नाटक चुनाव में धन बल के इस्तेमाल पर अंकुश लगाने के लिए आयोग अपनी टीम मजबूत कर रहा है। उन्होंने बताया कि 2400 स्टेटिक सर्विलांस टीमें कड़ी निगरानी रखेंगी। उन्नीस जिलों में 171 अंतरराज्यीय जांच चौकियों पर निगरानी की जाएगी, जिसमें अन्य राज्यों के साथ सीमा साझा करना शामिल है।

संपादकीय

भ्रष्टाचार की जड़ पर प्रहार जरूरी

हमारे देश में भ्रष्टाचार ने शिष्टाचार का रूप धारण कर रखा है। बगैर भ्रष्टाचार के कहीं कोई काम ही नहीं होता। ऊपर से नीचे तक भ्रष्टाचार का परनाला निर्बाध गति से बह रहा है। भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने की बात तो हर राजनीतिक पार्टियां करती है लेकिन सत्ता में आते ही उनके ही कई नेता भ्रष्टाचार में लिप्त हो जाते है। इसका ताजा उदाहरण आम आदमी पार्टी है जिसने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने का संकल्प लेकर पहले दिल्ली में और उसके बाद पंजाब में अपनी सरकार बनाई लेकिन उसके मंत्री ही एक के बाद एक भ्रष्टाचार के आरोप में तिहाड़ जेल ही हवा खा रहे है। बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन में शामिल राष्ट्रीय जनता दल के नेता लालू प्रसाद यादव, उनकी धर्म पत्नि पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी मौजूदा उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव आदि रेलवे भर्ती घोटाले में सीबीआई के फंदे में फंसे हुए है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी के सहयोगी एक मंत्री भी भ्रष्टाचार के आरोप में जेल पहुंच चुके है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसियार की बेटी पर भी शराब घोटाले को लेकर सीबीआई जांच चल रही है। कमोबेश अधिकांश विपक्षी दलों के नेता भ्रष्टाचार के आरोप में घिरे हुए है और अब जबकि सीबीआई और ईडी जैसी केन्द्रीय जांच एजेंसियों ने इन भ्रष्ट नेताओं के खिलाफ अपनी कार्यवाही तेज कर दी है तो ये सभी विपक्षी नेता केन्द्र सरकार पर केन्द्रीय एजेंसियों के दुरूपयोग का आरोप लगा रहे है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता समाप्त होने के मुद्दे पर सभी विपक्षी दलों के एक साथ आने के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को उन पर कड़ा प्रहार किया और कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त नेता एक साथ, एक मंच पर आ रहे हैं और कुछ दलों ने मिलकर 'भ्रष्टाचारी' बचाओ अभियान छेड़ा हुआ है। भाजपा के केंद्रीय कार्यालय के विस्तार का लोकार्पण करने के बाद अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त लोग एजेंसियों और अदालतों पर सवाल उठा रहे हैं, लेकिन इनके झूठे आरोपों से ना देश झुकेगा और ना ही भ्रष्टाचार के विरूद्ध कार्रवाई थमने वाली है। मोदी ने कहा कि यह पूरा देश देख रहा है और समझ भी रहा है। उन्होंने कहा, ''भ्रष्टाचार ने हमारे देश का बहुत नुकसान किया है और उसे दीमक की तरह खोखला किया है।'' कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अपने शासन काल के दौरान उसके बड़े-बड़े नेता जनसंघ को जड़ से उखाड़ फेंकने का दंभ भरते थे और आज उसके नेता बोलते हैं कि 'मोदी तेरी कब्र खुदेगी'। उन्होंने कहा, ''जनसंघ को मिटाने की अनेक बार साजिशें हुई। यह तो वह लोग हैं, जिन्होंने मुझे जेल में डालने के लिए क्या-क्या जाल नहीं बिछाए। लेकिन पूरी तरह नाकाम रहे।'' उन्होंने कहा कि लेकिन वह जनता के आशीर्वाद से बचे हैं। पूरे देश की जनता आज भ्रष्टाचारियों पर हो रही कार्रवाई से खुश है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि वह जहां भी जाते हैं, लोग उनसे कहते हैं कि 'मोदी जी रुकना मत'। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार विरोधी कार्रवाई से 'कुछ लोगों' की नाराजगी स्वाभाविक है। उन्होंने कहा, ''वे अपना गुस्सा भी निकालेंगे, लेकिन इनके झूठे आरोपों से ना देश झुकेगा और ना ही भ्रष्टाचार के विरूद्ध कार्रवाई थमने वाली है।''

जी-20 : सतत जलवायु के लिए जल संरक्षण

श्री पंकज कुमार
सचिव, जल संसाधन विभाग

अपनी जी-20 की अध्यक्षता के कार्यकाल के दौरान, भारत जलवायु परिवर्तन और जल संकट की चुनौतियों से जुड़े प्रभाव को कम करने के लिए एक एकीकृत, व्यापक और सर्वसम्मति पर आधारित दृष्टिकोण के प्रति आशान्वित है। जल संरक्षण, वास्तव में, भारतीय पहचान और सांस्कृतिक इतिहास का अभिन्न अंग है और वर्तमान समय में यह और अधिक प्रासंगिक हो गया है। पानी की बचत करना, केवल जल संरक्षण से जुड़ा नहीं है, बल्कि यह हम सबकी जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त स्वच्छ पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करना है, चाहे समय और स्थान कोई भी हो। भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय ने कृत्रिम पुनर्भरण और वर्षा जल संचयन के माध्यम से जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कई पहलें की हैं। जल जीवन मिशन कार्यक्रम का लक्ष्य, 2024 तक 193 मिलियन से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल से पेयजल आपूर्ति की सुविधा प्रदान करना है।

भारत ने 1 दिसंबर, 2022 को इंडोनेशिया से जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण की। जी-20 नेतृत्व, देश को ग्लोबल वार्मिंग, भोजन और ऊर्जा की कमी, आतंकवाद, भू-राजनीतिक संघर्ष और डिजिटल अंतर को कम करने समेत विभिन्न आकस्मिक स्थितियों से मुकाबला करने के लिए दुनिया को ÷भारत के प्रयास तथा वर्तमान स्थिति÷ (इंडिया स्टोरी) को सामने रखने का अवसर प्रदान करता है।

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में, भारत की जी-20 अध्यक्षता; पिछली 17 अध्यक्षता के कार्यकाल की महत्वपूर्ण उपलब्धियों के आधार पर आगे बढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस वर्ष की जी-20 थीम ÷एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य÷; भारत के ÷वसुधैव कुटुम्बकम÷ (विश्व एक परिवार है) के अंतर्निहित दर्शन को पूरी तरह से व्यक्त करती है। यह दर्शन भारत के जी-20 नेतृत्व का मार्गदर्शन करेगा।

पहली जी-20 पर्यावरण और जलवायु स्थिरता कार्य समूह (ईसीएसडब्ल्यूजी) की बैठक एक सकारात्मक परिणाम के साथ संपन्न हुई, जिसमें सभी जी-20 देशों ने भारत की अध्यक्षता के अंतर्गत पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफएंडसीसी) द्वारा प्रस्तावित विषयों पर अपना समर्थन व्यक्त किया। निम्न उर्वरता भूमि को फिर से उपजाऊ बनाने, समुद्र-तटीय क्षेत्रों में नीली अर्थव्यवस्था के जरिये सतत विकास को बढ़ावा देने, जैव विविधता को बढ़ाने, जंगल की आग और समुद्री कचरे को रोकने, चक्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने आदि विषयों पर हुई गहन चर्चा ने दूसरे शिखर सम्मेलन में अधिक सकारात्मक व दृष्टिगत विचार-विमर्श के लिए मंच तैयार किया है।

जल संसाधन प्रबंधन के सर्वोत्तम तौर-तरीके – अपनी जी-20 की अध्यक्षता के कार्यकाल के दौरान, भारत जलवायु परिवर्तन और जल संकट की चुनौतियों से जुड़े प्रभाव को कम करने के लिए एक एकीकृत, व्यापक और सर्वसम्मति पर आधारित दृष्टिकोण के प्रति आशान्वित है। जल संरक्षण, वास्तव में, भारतीय पहचान और सांस्कृतिक इतिहास का अभिन्न अंग है और वर्तमान समय में यह और अधिक प्रासंगिक हो गया है। पानी की ÷बचत÷ करना, केवल जल संरक्षण से जुड़ा नहीं है, बल्कि यह हम सबकी जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त स्वच्छ पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करना है, चाहे समय और स्थान कोई भी हो।

भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय ने कृत्रिम पुनर्भरण और वर्षा जल संचयन के माध्यम से जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कई पहलें की हैं। जल जीवन मिशन कार्यक्रम का लक्ष्य, 2024 तक 193 मिलियन से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल से पेयजल आपूर्ति की सुविधा प्रदान करना है। हमारे महत्वाकांक्षी नमामि गंगे मिशन ने नदी के

इन प्रयासों और कई अन्य योजनाओं के साथ, भारत वर्ष 2047 तक जल सुरक्षित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर निरंतर बढ़ रहा है। इस परिदृश्य में, हम दूसरी जी-20 पर्यावरण और जलवायु स्थिरता कार्य समूह (ईसीएसडब्ल्यूजी) बैठक की मेजबानी करने के लिए उत्सुक हैं। यह बैठक जल संरक्षण और सतत तथा समानता आधारित जल संसाधनों के प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करेगी। हमें उम्मीद है कि जल संसाधन प्रबंधन पर वैश्विक सर्वोत्तम तौर-तरीकों और अभिनव विचारों पर चर्चा करने के लिए बैठक में विभिन्न जी-20 देशों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। मुझे विश्वास है कि राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत नदी कायाकल्प; जलवायु-अनुकूल अवसंरचना; भूजल प्रबंधन; स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन के माध्यम से स्वच्छता तथा स्वच्छ पेयजल तक सार्वभौमिक पहुंच के लिए रणनीति आदि विषयों पर ध्यान केंद्रित करते हुए होने वाली चर्चाओं से भाग लेने वाले देशों को एक दूसरे से सीखने और सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने में तेजी लाने में मदद मिलेगी।

कायाकल्प, प्रदूषण में कमी, पारिस्थितिक तंत्र के संरक्षण और नदी बेसिन प्रबंधन के समग्र दृष्टिकोण आदि के सन्दर्भ में मूलभूत बदलाव किये हैं। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र ने इसे प्राकृतिक जगत को पुनर्जीवित करने के लिए विश्व के शीर्ष 10 कायाकल्प कार्यक्रमों (रेस्टोरेशन फ़्लैगशिप) में से एक के रूप में मान्यता दी है।

अति महत्वपूर्ण जल भंडारण अवसंरचना को जलवायु अनुकूल बनाने के लिए भारत, दुनिया के सबसे बड़े बांध पुनर्वास कार्यक्रम का भी कार्यान्वयन कर रहा है।

इसके अलावा, मांग और आपूर्ति पक्ष से जुड़े कार्यक्रमों के संयोजन के माध्यम से भूजल संसाधनों के दीर्घकालिक स्थायित्व सुनिश्चित करने के लिए, अटल भूजल योजना लागू की जा रही है। यह योजना समुदाय के नेतृत्व में, ग्राम पंचायत-वार जल सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से वर्तमान में चल रही/नई योजनाओं के संयोजन के जरिये कार्यान्वित की जा रही है।

इन प्रयासों और कई अन्य योजनाओं के साथ, भारत वर्ष 2047 तक जल सुरक्षित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर निरंतर बढ़ रहा है। इस परिदृश्य में, हम दूसरी जी-20 पर्यावरण और जलवायु स्थिरता कार्य समूह (ईसीएसडब्ल्यूजी) बैठक की मेजबानी करने के लिए उत्सुक हैं। यह बैठक जल संरक्षण और सतत तथा समानता आधारित जल संसाधनों के प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करेगी।

हमें उम्मीद है कि जल संसाधन प्रबंधन पर वैश्विक सर्वोत्तम तौर-तरीकों और अभिनव विचारों पर चर्चा करने के लिए बैठक में विभिन्न जी-20 देशों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। मुझे विश्वास है कि राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत नदी कायाकल्प; जलवायु-अनुकूल अवसंरचना; भूजल प्रबंधन; स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन के माध्यम से स्वच्छता तथा स्वच्छ पेयजल तक सार्वभौमिक पहुंच के लिए रणनीति आदि विषयों पर ध्यान केंद्रित करते हुए होने वाली चर्चाओं से भाग लेने वाले देशों को एक दूसरे से सीखने और सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने में तेजी लाने में मदद मिलेगी।

इतिहास और विरासत गुजरात के पर्याय हैं। गौरवशाली गुजरात में कई प्राचीन शहरों के अवशेषों, महलों, किलों और मकबरे मौजूद हैं, जो राजवंशों के भव्य स्वर्ण युग को दर्शाते हैं। रानी की वाव और अडालज वाव की बावड़ी; प्राचीन जल प्रबंधन प्रथाओं को प्रदर्शित करती हैं तथा ये जल संसाधन संरक्षण के लिए भारत की दीर्घकालिक परंपरा की द्योतक हैं। गुजरात, पुराने और नए पारंपरिक जल ज्ञान तथा जल अवसंरचना निर्माण में उपयोग की जाने वाली आधुनिक तकनीकों के मिश्रण के साथ, 20 देशों को एक मूल्यवान मंच प्रदान करेगा, ताकि प्रत्येक देश का सर्वश्रेष्ठ सामने आ सके और प्रत्येक देश से सीखने का अवसर मिल सके।

आज का पंचांग (गुरुवार, 30 मार्च 2023)

सूर्योदय : 06:28, सूर्यास्त : 06:34
चन्द्रोदय : 11:24, चन्द्रास्त : 26:16

अयन उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)

ऋतु : बसंत, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : चैत्र, पक्ष : शुक्ल, तिथि : नवमी, नक्षत्र : पुनर्वसु, योग : शोभन (24:13 से अतिगण्ड), प्रथम करण : विष्टि (08:01 तक), द्वितीय करण : बव (21:07 तक)।

॥ गोचर ग्रहा: ॥

सूर्य : मीन चंद्र : मिथुन, मंगल : मिथुन (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध : मीन (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मीन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : मेष (उदित, पश्चिम), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मेष, केतु : तुला।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अमृत काल : 09:02 से 10:49, रवियोग : 20:07 से 30:09, विजय मुहूर्त : 14:26 से 15:15, गोधूलि मुहूर्त : 18:32 से 18:55, सायाह्न सन्ध्या : 18:33 से 19:43, निशिता मुहूर्त : 23:58 से 24:44, राहुकाल : 13:30 से 15:00, राहुवास : दक्षिण-पश्चिम, यमगण्ड : 07:43 से 09:16, होमाहुति : शुक्र, दिशाशूल : उत्तर, अग्निवास : आकाश, भद्रावास : स्वर्ग (08:01 तक), चन्द्रवास : पश्चिम, शिववास : श्मशान में (21:07 से, गौरी के साथ)।

चौघड़िया विचार

॥ दिन का चौघड़िया ॥
1 - लाभ, 2 - अमृत, 3 - काल, 4 - शुभ, 5 - रोग, 6 - उद्वेग, 7 - चर, 8 - लाभ

॥रात्रि का चौघड़िया॥
1 - उद्वेग, 2 - शुभ, 3 - अमृत, 4 - चर, 5 - रोग, 6 - काल, 7 - लाभ, 8 - उद्वेग

नोट: दिन और रात्रि के चौघड़िया का आरंभ क्रमशः सूर्योदय और सूर्यास्त से होता है। प्रत्येक चौघड़िए की अवधि डेढ़ घंटा होती है।

शुभ यात्रा दिशा: पश्चिम-दक्षिण (धनिया अथवा दलिया का सेवन कर यात्रा करें)

तिथि विशेष- पश्चिम-दक्षिण (गुड़ अथवा दूध का सेवन कर यात्रा करें)

आज जन्मे शिशुओं का नामकरण

आज जन्मे शिशुओ का नाम पूनर्वसु नक्षत्र के प्रथम ,द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (के,को,हा,ही) नामाक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

उदय-लग्न मुहूर्त

मीन - 29:35 से 06:59, मेष - 06:59 से 08:33, वृषभ - 08:33 से 10:27, मिथुन - 10:27 से 12:42, कर्क - 12:42 से 15:04, सिंह - 15:04 से 17:23, कन्या - 17:23 से 19:41, तुला - 19:41 से 22:02, वृश्चिक - 22:02 से 24:21, धनु - 24:21 से 26:24, मकर - 26:24 से 28:06, कुम्भ - 28:06 से 29:31

पञ्चक रहित मुहूर्त

शुभ मुहूर्त - 06:10 से 06:59, मृत्यु पञ्चक - 06:59 से 08:33, अग्नि पञ्चक - 08:33 से 10:27, शुभ मुहूर्त - 10:27 से 12:42, रज पञ्चक - 12:42 से 15:04, शुभ मुहूर्त - 15:04 से 17:23, चोर पञ्चक - 17:23 से 19:41, शुभ मुहूर्त - 19:41 से 20:07, रोग पञ्चक - 20:07 से 21:07, शुभ मुहूर्त - 21:07 से 22:02, मृत्यु पञ्चक - 22:02 से 24:21, अग्नि पञ्चक - 24:21 से 26:24, शुभ मुहूर्त - 26:24 से 28:06, रज पञ्चक - 28:06 से 29:31,शुभ मुहूर्त - 29:31 से 30:09।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष- आज का दिन आपको नए अवसर प्रदान करेगा लेकिन महत्त्वपूर्ण निर्णय लेने से पहले अनुभवियों की सलाह अवश्य लें।

वृष- आज के दिन आपकी आलसी प्रवृति प्रत्येक कार्य की गति मंद रखेगी। घर अथवा कार्य क्षेत्र पर इस वजह से फटकार भी लग सकती है।

मिथुन- आज के दिन परिस्थितियां आपके अनुकूल बन रही है इसका लाभ उठाएं अन्यथा आज जैसी सुविधा कल नही मिल सकेगी।

कर्क- आज के दिन आपको कुछ ना कुछ परेशानी में डालेगा। दिनचार्य व्यवस्थित रहेगी सभी कार्यो की योजना पूर्व में बना लेंगे फिर भी अन्य लोगो के कारण असुविधा होगी।

सिंह- आज आपको सलाह है अपने आवश्यक कार्यो को लापरवाही छोड़ संध्या से पहले पूर्ण कर लें अन्यथा इसके बाद परिस्थिति बदलने पर केवल हानि ही हाथ लगेगी।

कन्या- आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। दिन का आरंभिक भाग सुस्ती भरा रहेगा इसके बाद कार्यो के प्रति गंभीर हो जाएंगे।

तुला- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहेगा। दिन का आरंभ आध्यात्मिक गतिविधियों में व्यस्तता से होगा।

वृश्चिक- आज का दिन भी आपके लिए प्रतिकूल फलदायी है प्रातः काल से ही मन किसी अरिष्ट की आशंका से व्याकुल रहेगा।

धनु- आज का दिन आपकी कल्पना को साकार रूप देने में सहायक रहेगा। प्रातः काल मन में किसी कार्य को लेकर दुविधा रहेगी।

मकर- आज के दिन आपकी सोची हुई योजनाए पूर्ण होने से उत्साह से भरे रहेंगे। कार्य व्यवसाय एवं पारिवारिक वातावरण दोनो ही आपके अनुकूल रहेगा।

कुंभ- आज भी दिन आपके लिये कुछ खास नही रहेगा फिर भी बीते कल की अपेक्षा आज थोड़ी राहत मिलेगी। परन्तु जो बात बीत चुकी है उसे दोबारा हवा ना दे।

मीन- आज के दिन आपके अंदर अहम की भावना रहेगी इस कारण कार्य क्षेत्र अथवा घर मे टकराव की स्थिति बनेगी।

पाठकों की बात
पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

हम जिसे पसंद

हम जिसे पसंद करते हैं महत्व देते हैं उससे दूर होने या बिछड़ने की कल्पना ही अकल्पनीय होती है किन्तु एक वक्त के बाद ऐसा भी होता है कि वो खुद धीरे-धीरे किनारा करने लगता है फिर होता है निरर्थक प्रयास रोना गिड़गिड़ाना पर सब बेकार उसके बाद आप संभालते हैं खुद को वक्त के साथ संभल जाते हैं फिर वो ही व्यक्ति सामने भी हो तो आपको उसके होने या न होने से कोई फर्क नहीं पड़ता है।

– सुनीता पुष्पराज पाण्डेय

कोई इस कदर यहां

कोई इस कदर यहां देखो कितना घबराया है चुभ रहे सवालों से पीछा अपना छुड़ाया है लड़ने का रखते जोश मगर मैदान को रखे खाली ऐसे लोगों की वीरता पर ठोक रहे लोग ताली।

– संत आर थवाईत

खास पाती

बारिश की नमी लौटी तुम

बारिश की नमी लौटी तुम लौट के घर आओ। ओझल हुई किस कारण आकर प्रिये बतलाओ। उस घाट से लौटा हूँ, जिस घाट तेरा तर्पण। विचलित हुआ मन मेरा, क्या प्रसून करूँ अर्पण। नीर के दर्पण में छवि देखूँ मुझे दिखलाओ। ओझल हुई किस कारण हर आहट चौंका गई तुम ही तो नहीं आई। आँचल में नयी फिर तुम खुशियाँ तो नहीं लाई। मैं सोच में गुम बैठा, पायल ज़रा छनकाओ। ओझल हुई किस कारण बातें तुम्हारी जब भी मैं दिल से भुलाता हूँ। अहसास के कोनों में तुमको खड़ा पाता हूँ। तुम बिन है जहाँ सूना,कँगन कभी खनकाओ।। ओझल हुई किस कारण। – **अंशु विनोद गुप्ता**

प्रयत्न करने चाहिये तब तक

प्रयत्न करने चाहिये, तब तक जब तक कि अंदर से एक तीखी आवाज न निकले बस बहुत हुआ, तब तक जब तक कि कोई ÷काश ÷ शेष रहने की संभावना खत्म न हो जाये,तब तक जब तक कि हमें भरोसा न हो जाये कि जो राह हमने चुनी उस पर एक और कदम चलना संभव न था। एक राह पर हमारा कर्तव्य, निष्ठा और समर्पण जब तक चुक न जाये, दूसरे रास्ते के साथ न्याय नहीं किया जा सकता। **–वर्षा वर्षिता श्रीवास्तव**

स्वार्थ सिद्धि होने तक ही

स्वार्थ सिद्धि होने तक ही संसर्ग रहता है बुद्ध भी बोधिवृक्ष के नीचे दुबारा नहीं बैठे होंगे। ये सिर्फ़ और सिर्फ़ प्रेम है, जहाँ न शुरआत है ना अंत है! ऐसे ही प्रेम में सनी एक तस्वीर कहती है जहाँ मूक मृत्यु खड़ी न हो, जीवन भी धिक्कारे न ! मैं भी रहूँ, तू भी रह मौजूद ! सरसराती हवा में सोंधी हो, बख्श दी जाए हमें ऐसी ही एक सुबह!

– मोनिका भारद्वाज

आज राहुल गांधी जी के

आज राहुल गांधी जी के संसद सदस्य कि अयोग्यता के लिए लगभग तमाम विपक्ष एकजुट है। जब यही अयोग्यता से लालू यादव जी को बचाने अध्यादेश लाया गया तो श्रीमान राहुल जी ने इसका विरोध करते हुए अध्यादेश को फाड़कर फेंक दिया गया !!! बहरहाल अगर आज के सदस्य के सदस्यता समाप्ति के लिए मोदी जी सरकार जिम्मेदार तो लालू यादव जी के लिए तब के मनमोहन सिंह जी कि सरकार जिम्मेदार। **– अंबर दानी**

राहुल ने नैशनल टीवी पर कहा

राहुल ने नैशनल टीवी पर कहा कि दुर्भाग्य से मैं सांसद हूँ, उनकी सांसदी चली गई। राहुल ने कहा था कि मेरे पास घर नहीं है, कल आधिकारिक आवास खाली करने का आदेश आ गया। लेकिन सबसे अहम सवाल यह है कि राहुल के साथ ऐसा कौन कर रहा है, उनका सलाहकार कौन है जो उनसे ऐसी बातें करवा रहा है, राहुल के जाने से अब कांग्रेस में सबसे ज़्यादा फायदा किसे होगा।

– सचिन चौधरी

सनातन संस्कृति का परचम उठाए

सनातन संस्कृति का परचम उठाए फेसबुक के वीरों की वॉल भरी पड़ी है महिलाओं के अंगों से शब्दों की प्रत्यंचा पर चढ़े यह अंग इनके हृदय में तीर की भाँति गड़ जाते हैं जिनका स्वाद अपनी जिह्वा पर लाकर यह वीर उगलाई करते रहते हैं। इनका शिकार वह स्त्रियाँ हैं जो चल रही हैं इनके विचारों के विपरीत। फेसबुक के इन वीरों ने यहाँ किसी को बोला है बहन और किसी को बेटी इन बहन और बेटियों के सामने अपने मन के उदगार लिखते यह वीर उदाहरण देते हैं सनातन संस्कृति में स्त्री के सम्मान का।

– दिव्या राकेश शर्मा

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1822-फ्लोरिडा अमेरिकी गणराज्य में शामिल हुआ। 1842-बेहोशी की दवा के रूप में ईथर का पहली बार इस्तेमाल हुआ। 1856-क्रिमिया नामक लड़ाई पेरिस समझौते के साथ समाप्त हुई। 1858-हैमेन एल. लिपमेन ने इरेजर के साथ जुड़ी पेंसिल का पहला पेटेंट रजिस्टर किया। 1867-अमेरिका ने रूस से अलास्का को खरीदा। 1908-भारतीय अभिनेत्री देविका रानी का जन्म। 1919-महात्मा गांधी ने रॉलेक्ट एक्ट के विरोध की घोषणा की। 1945-सोवियत संघ ने आस्ट्रिया पर आक्रमण किया। 1949-राजस्थान राज्य की स्थापना आज ही के दिन हुई और जयपुर को उसकी राजधानी बनाया गया। 1950-मर्रे हिल ने फोटो ट्रांजिस्टर का अविष्कार किया। 1963-फ्रांस ने अल्जीरिया के इकर क्षेत्र में भूमिगत परमाणु परीक्षण किया। 1977-स्वामी अग्निवेश ने अपनी भारतीय आर्यसभा पार्टी का जनता पार्टी में विलय कर दिया। 1982-नासा के अंतरिक्ष यान कोलंबिया ने एसटीएस-3 मिशन पूरा कर पृथ्वी पर वापसी की।

QUIZ TIME

1) विश्व में मसालों के उत्पादन में सर्वप्रथम स्थान किस देश का है?
2) लेखाकारों की 21वीं विश्व काँग्रेस कहाँ आयोजित की गई है?
3) किसे 1 नवम्बर, 2022 को मरणोपरान्त कर्नाटक रत्न से सम्मानित किया गया था?
4) भूमध्यसागर की कुँजी किसे कहा जाता है?
5) कौन-सा गैर-सरकारी संगठन इंदिरा गाँधी शान्ति पुरस्कार 2021 का प्राप्तकर्त्ता है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) भारत (2) मुंबई (3) पुनीत राजकुमार (4) जिब्राल्टर जलसंधि (5) प्रथम

(प्रेरक प्रसंग), 'संघर्ष का महत्व'

एक बार एक किसान परमात्मा से बड़ा नाराज हो गया। कभी बाढ़ आ जाये, कभी सूखा पड़ जाए, कभी धूप बहुत तेज हो जाए तो कभी ओले पड़ जाये। हर बार कुछ ना कुछ कारण से उसकी फ़सल थोड़ी ख़राब हो जाये। एक दिन बड़ा तंग आ कर उसने परमात्मा से कहा - देखिये प्रभु,आप परमात्मा हैं, लेकिन लगता है आपको खेती बाड़ी की ज्यादा जानकारी नहीं है, एक प्रार्थना है कि एक साल मुझे मौका दीजिये, जैसा मैं चाहूँ वैसा मौसम हो, फिर आप देखना मै कैसे अन्न के भण्डार भर दूंगा। परमात्मा मुस्कुराये और कहा ङ्क ठीक है, जैसा तुम कहोगे वैसा ही मौसम दूंगा, मै दखल नहीं करूँगा।

अब, किसान ने गेहूं की फसल बोई, जब धूप चाही, तब धूप मिली, जब पानी चाही तब पानी। तेज धूप, ओले, बाढ़, आंधी तो उसने आने ही नहीं दी, समय के साथ फ़सल बढ़ी और किसान की खुशी भी, क्योंकि ऐसी फ़सल तो आज तक नहीं हुई थी। किसान ने मन ही मन सोचा अब पता चलेगा परमात्मा को की फ़सल कैसे करते हैं, बेकार ही इतने बरस हम किसानो को परेशान करते रहे। फ़सल काटने का समय भी आया, किसान बड़े गर्व से फ़सल काटने गया, लेकिन जैसे ही फ़सल काटने लगा ,एकदम से छाती पर हाथ रख कर बैठ गया! गेहूं की एक भी बाली के अन्दर गेहूं नहीं था, सारी बालियाँ अन्दर से खाली थी, बड़ा दुखी होकर उसने परमात्मा से कहा - प्रभु ये क्या हुआ ?

तब परमात्मा बोले – ये तो होना ही था , तुमने पौधों को संघर्ष का ज़रा सा भी मौका नहीं दिया। ना तेज धूप में उनको तपने दिया, ना आंधी ओलों से जूझने दिया, उनको किसी प्रकार की चुनौती का अहसास जरा भी नहीं होने दिया, इसीलिए सब पौधे खोखले रह गए। जब आंधी आती है, तेज बारिश होती है ओले गिरते हैं तब पौधा अपने बल से ही खड़ा रहता है, वो अपना अस्तित्व बचाने का संघर्ष करता है और इस संघर्ष से जो बल पैदा होता है वो ही उसे शक्ति देता है, उर्जा देता है, उसकी जीवटता को उभारता है।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -018

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

ऊपर से नीचे

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 017 का हल

मा	म	ला		सि	वा	य		कि
लि		चा	ह	त		म	म	ता
क	सू	र		म	ग	न		ब
	र				द			
क	मा	न		पा	र	स		स
मी		म	जा	ल		न	क	ली
ना	दा	न		ना	र	द		का
	मि				तौं			
सु	नी	ल		अ	धी	र		जी

न्यूज गैलरी

सूखानाला बैराज के लिए 40.70 करोड़ मंजूर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग मंत्रालय द्वारा राजनांदगांव जिले के विकासखण्ड-डोंगरगांव की सूखानाला बैराज की मुख्य नहर का सी.सी. लाईनिंग एवं लघु नहरों का निर्माण कार्य के लिए 40 करोड़ 70 लाख 84 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग रायपुर को प्रदान की गई है।

बिजली की दर में वृद्धि नहीं होना प्रदेशवासियों के हित में महत्वपूर्ण : मुख्यमंत्री भूपेश

रायपुर/नवप्रदेश। भूपेश बघेल आज पत्रकारों के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा इस वर्ष बिजली की दरों में कोई वृद्धि नहीं की गई है। यह प्रदेश के सभी बिजली उपभोक्ताओं तथा किसानों सहित पूरे प्रदेशवासियों के हित में बहुत ही महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने यह भी बताया कि राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा बिजली की दरों में ही वृद्धि नहीं की गई है बल्कि उनके द्वारा सरकार से कोई कर्ज भी नहीं लिया गया है, जो सराहनीय है।

तंबाकू मुक्त छग बनाने सरकार है संवेदनशील

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य में तंबाकु उपयोग करने वालों का प्रतिशत 39.1 है। साथ ही 13 से 15 वर्ष के 8 प्रतिशत शाला प्रवेशी बच्चे भी तंबाकु की चपेट में आ चूके हैं। यह चिंता का विषय है। आम लोगों में तम्बाकू एवं तम्बाकू से बने उत्पाद के उपयोग को हतोत्साहित करने के लिए शासन द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इस पर गंभीरता दिखाते हुये राज्य में तंबाकु नियंत्रण कार्यक्रम के माध्यम से प्रयास किये जा रहें हैं, ताकि छत्तीसगढ़ राज्य को तंबाकू मुक्त राज्य बनाया जा सके। इसी क्रम में तंबाकू नियंत्रण की दिशा में ठोस कदम उठाये जाने के उद्देश्य से 29 मार्च 2023 को राज्य स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया है। मंत्रालय नया रायपुर के सभा कक्ष में होने वाली इस बैठक की अध्यक्षता मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किया जावेगा साथ ही राज्य के वरिष्ठ अधिकारी इस बैठक में उपस्थित रहेंगे। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार राष्टीय तंबाकु नियंत्रण कार्यक्रम तथा कोटपा एक्ट 2003 के प्रावधानों के अनुपालन के लिए राज्य स्तरीय समन्वय समिति का गठन किया गया है। इस बैठक में समिति की पूर्व बैठकों में लिए गये निर्णयों की समीक्षा सहित राज्य में तंबाकू नियंत्रण के लिए आगामी रणनीति तैयार की जायेगी। बैठक में ये होगे शामिलः- 29 मार्च की बैठक में छत्तीसगढ़ शासन अंतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, वित्त विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, राष्टीय स्वास्थ्य मिशन, कृषि विभाग, जनसंपर्क विभाग, विधि विभाग, गृह जेल विभाग, परिवहन विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, रायपुर एवं बिलासपुर जिले के जिला कलेक्टर, रेल्वे के प्रतिनिधि, द यूनियन के वरिष्ठ तकनीकी सलाहकार सहित तंबाकू नियंत्रण के क्षेत्र में कार्य करने वाले समाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

बेरोजगारी भत्ते के लिए सीएससी में भी होगा पंजीयन

रायुपर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के बाद रायपुर जिले में बेरोजगारी भत्ता के लिए पात्र युवाओं के पंजीयन 1 अप्रैल से शुरू हो जाएंगें। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे ने आज समय सीमा की सप्ताहिक बैठक में बेरोजगारी भत्ता पंजीयन के लिए अबतक हुई तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने जिले के सभी च्वाईस सेंटरों और सीएससी में भी बेरोजगारों का पंजीयन करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बेरोजगारी भत्ता पाने के लिए पात्र युवा वेबसाईट berojgaribhatta.cg.nic.in पर ऑनलाईन पंजीयन आवेदन भर सकते है। इसके साथ ही बेरोजगार युवाओं की सुविधा के लिए रायपुर नगर निगम क्षेत्र में हर जोन कार्यालय में हेल्प डेस्क भी बनाए जा रहें है। बीरगांव नगर निगम क्षेत्र में तीन और जिले के अन्य सभी नगरीय निकाय क्षेत्रों में भी एक-एक हेल्प डेस्क में बेरोजगारों को भत्ते के लिए पंजीयन की सुविधा होगी। सीएससी और च्वाईस सेंटरों में निर्धारित सेवा शुल्क के साथ पंजीयन की सुविधा मिलेगी। बेरोजगारी भत्ते के लिए पंजीयन 1 अप्रैल सुबह 8 बजे से शुरू हो जाएगा। कलेक्टर डॉ भुरे ने इसके लिए सभी तैयारियां अगले 2 दिनो में पुरे करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। बेरोजगारी भत्ते के पंजीयन के लिए अभी तक कोई अंतिम तिथि निर्धारित नही है। कलेक्टर ने बेरोजगारी भत्ता पंजीयन को ध्यान में रखते हुए रोजगार कार्यालयों में पंजीयन के नवीनीकरण, राजस्व कार्यालयों में आय-निवास प्रमाण पत्र जारी करने के लिए सभी जरूरी मापदण्ड और शासकीय दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। बैठक में नगर निगम रायपुर के आयुक्त श्री मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आकाश छिकारा, सहायक कलेक्टर श्री जयंत नहाटा, अपर कलेक्टर श्री बी.बी.पंचभाई, श्री गजेन्द्र ठाकुर एवं श्री बी.सी.साहू एवं सभी एस.डी.एम तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

1 अप्रैल से लागू होगी बेरोजगारी भत्ता योजना

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुसार छत्तीसगढ़ में 1 अप्रैल 2023 से बेरोजगारी भत्ता योजना लागू हो रही है। इस योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को हर माह 2500 रूपए का भुगतान सीधे उनके बैंक खाते में किया जाएगा। बेरोजगारों को साथ ही कौशल विकास का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा और उन्हें रोजगार प्राप्त करने में सहायता दी जाएगी। बेरोजगारी भत्ता योजना का लाभ लेने आवेदक के पूरे परिवार की आय सलाना 2.50 लाख रूपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। परिवार से तात्पर्य पति-पत्नी, आश्रित बच्चे और आश्रित माता-पिता से है।

पात्रता की शर्तें- बेरोजगारी भत्ता योजना के आवेदक को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना आवश्यक है। योजना के लिए आवेदन किए जाने वाले वर्ष के 1 अप्रैल को आवेदक की उम्र 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदक मान्यता प्राप्त बोर्ड से कम से कम हायर सेकेण्डरी यानी 12वीं कक्षा पास हो। साथ ही छत्तीसगढ़ के किसी भी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र में पंजीकृत हो और आवेदन के वर्ष की 1 अप्रैल की स्थिति में हायर सेकेण्डरी या उससे अधिक योग्यता से उसका रोजगार पंजीयन न्यूनतम दो वर्ष पुराना हो। आवेदक की स्वयं का आय का कोई स्रोत न हो और आवेदक के परिवार के सभी स्रोतों से वार्षिक आय 2.50 लाख रूपए से अधिक न हो। पारिवारिक आय हेतु तहसीलदार या उससे उच्च राजस्व अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र बेरोजगारी भत्ता की आवेदन तिथि से 1 वर्ष के अंदर ही बना हो।

कौन होगा अपात्र- बेरोजगारी भत्ता योजना के आवेदक के परिवार के एक से अधिक सदस्य यदि पात्रता की शर्तों को पूरा करते हैं तो परिवार के एक ही सदस्य को बेरोजगारी भत्ता स्वीकृत किया जाएगा। ऐसी स्थिति में बेरोजगारी भत्ता उस सदस्य को स्वीकृत किया जाएगा, जिसकी उम्र अधिक हो। उम्र समान होने की स्थिति में रोजगार कार्यालय में पहले पंजीयन करने वाले सदस्य को बेरोजगारी भत्ता के लिए पात्र किया जाएगा। उम्र और रोजगार पंजीयन की तिथि, दोनों समान होने की स्थिति में उस सदस्य को पात्र किया जाएगा जिसकी शैक्षणिक योग्यता अधिक हो। आवेदक के परिवार का कोई भी सदस्य केंद्र या राज्य सरकार की किसी भी संस्था या स्थानीय निकाय में चतुर्थ श्रेणी या फिर ग्रुप डी को छोड़कर अन्य किसी भी श्रेणी की नौकरी में होने पर ऐसा आवेदक बेरोजगारी भत्ते के लिए अपात्र होगा।

एसपीसी लाइफ साइंसेज लिमिटेड ने सेबी के समक्ष फाइल किया डीआरएचपी

रायपुर/नवप्रदेश। कुछ प्रमुख सक्रिय फार्मास्युटिकल सामग्री ('एपीआई') के लिए एडवांस्ड इंटरमीडिएट्स के भारत के अग्रणी निर्माताओं में से एकएसपीसी लाइफ साइंसेज लिमिटेड ('कंपनी') ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ('सेबी') के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस ('डीआरएचपी') दायर किया है। 6-क्लोरो-हेक्सेन-2-वन के लिए यूएस एफडीए द्वारा अनुमोदित सुविधा से लैस, कंपनी फार्मा इंटरमीडिएट्स विकसित कर सकती है और उन फार्मास्युटिकल कंपनियों के साथ काम कर सकती है जो अपनी आपूर्ति श्रृंखला के एक हिस्से के रूप में यूएस एफडीए के अनुरूप विनिर्माण सुविधाओं की तलाश करती हैं। कंपनी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से धन जुटाने की योजना बना रही है जिसमें (ए) 3,000रू. मिलियन तक के इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू और (बी) 8,938,870 इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश शामिल है। प्रत्येक इक्विटी शेयर का अंकित मूल्य 10रू. है। कंपनी निम्नलिखित उद्देश्यों की फंडिंग के लिए नए इश्यू की शुद्ध आय का उपयोग करने का प्रस्ताव करती है- (ए) कंपनी द्वारा 550रू. मिलियन की राशि के कुछ बकाया उधारों का पुनर्भुगतान/पूर्व भुगतान; (बी) फार्मास्युटिकल इंटरमीडिएट्स की अपनी उत्पाद पेशकशों का विस्तार करने के लिए दाहेज सुविधा में फेज-2 की स्थापना के लिए कंपनी की पूंजीगत व्यय आवश्यकताओं का वित्तपोषण 1,223.23रू. मिलियन; (सी) 400रू. मिलियन की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को फंडिंग और (डी) शेष राशि सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए।

प्रदेश के सभी जिलों में होगा फोर्टिफाइड चावल का वितरण

प्राथमिकता, अन्त्योदय, एकल निराश्रित, नि:शक्जन श्रेणी के राशनकार्डधारियों को 1 अप्रैल से मिलेगा फोर्टिफाइड चावल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में महिलाओं और बच्चों में कुपोषण और एनीमिया की स्थिति को दूर करने के मद्देनजर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी जिलों में शासकीय उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से प्राथमिकता वाले परिवारों को फोर्टिफाइड चावल वितरण का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब प्रदेश के सभी जिलों में आगामी माह के एक अप्रैल से फोर्टिफाइड चावल का वितरण होगा। जिला प्रशासन द्वारा इसकी तैयारी की जा रही है। फोर्टिफाइड चावल प्राथमिकता, अन्त्योदय, एकल निराश्रित, निःशक्जन, श्रेणी के राशनकार्डधारियों को वर्तमान में दिए जा रहे सामान्य चावल के स्थान पर मिलेगा।

गौरतलब है कि राज्य सरकार सार्वभौम पीडीएस के तहत खाद्यान्न सुरक्षा के साथ-साथ पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा एनीमिया एवं अन्य पोषक तत्वों की कमी को दूर करने नवम्बर 2020 से कोण्डागांव जिले में फोर्टिफाइड चावल वितरण प्रारंभ किया गया है। वर्तमान में मध्यान्ह भोजन योजना तथा पूरक पोषण आहार योजना में प्रदेश के सभी जिलों में फोर्टिफाइड चावल का वितरण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राज्य के 10 आकांक्षी जिले (कोरबा, राजनांदगांव, महासमुंद, कांकेर, नारायणपुर, दंतेवाडा, बीजोपुर, बस्तर, कोण्डागांव, सुकमा) तथा 02 हाई बर्डन जिले (कबीरधाम एवं रायगढ़) में फोटिफाइड चावल का भी वितरण किया जा रहा है।

आयरन और विटामिन से भरपूर है फोर्टिफाइड चावल

फोर्टिफाइड चावल पोषक एवं स्वास्थ्यवर्धक है। यह आयरन, फोलिक एसिड, विटामिन बी-12 से युक्त होता है। इसमें मौजूद आयरन, फोलिक एसिड, विटामिन बी-12 जैसे पोषक तत्व बड़ो एवं बच्चों में खून की कमी नहीं होने देता है तथा खून निर्माण एवं तंत्रिका तंत्र के सही ढंग से कार्य में सहायक होता है। प्रदेश के कई स्थानों पर फोर्टिफाइड चावल को लेकर प्लास्टिक चावल होने का भ्रम भी सामने आई है। दरअसल फोर्टिफाइड चावल सामान्य चावल से अधिक चिकना और अलग दिखता है, लेकिन वह प्लास्टिक नहीं है। लेकिन बेहतर गुणवत्ता वाला चावल है। खाद्य विभाग द्वारा लोगों में भ्रम की स्थिति को दूर करने राशनकार्डधारियों को आंगनबाडी कार्यकर्ता, मितानीन, एवं उचित मूल्य दुकानों में बैनर, पोस्टर आदि के माध्यम से फोर्टिफाइड चावल को पकाने के तरीके एवं उपयोग के संबंध में समय-समय पर जागरूक किया जा रहा है।

फूड या खाद्य पदार्थों के फोर्टीफिकेशन का क्या मतलब होता है

विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक फूड फोर्टीफिकेशन का मतलब होता है टेक्नोलॉजी के माध्यम से खाने में विटामिन और मिनरल के स्तर को बढ़ाना। ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि आहार में पोषक तत्वों की कमी को दूर किया जा सके और इससे लोगों के स्वास्थ्य को भी लाभ मिले। आम तौर पर चावल की मिलिंग और पॉलिशिंग के समय फैट और सूक्ष्म पोषक तत्वों से भरपूर चोकर की परतें हट जाती है। चावल की पॉलिश करने से 75-90 प्रतिशत विटामिन भी निकल जाते है जिसके वजह से चावल के अपने पोषक तत्व खत्म हो जाते है। इसलिए चावल को फोर्टिफाई करने से उनमें सूक्ष्म पोषक तत्व न सिर्फफिर से जुड़ जाते है बल्कि और ज्यादा मात्रा में मिलाये जाते है जिससे चावल और अधिक पौष्टिकयुक्त हो जाता है।

ऐसे पकाया जाता है फोर्टिफाइड चावल

अधिकतम पौष्टिक लाभ के लिए फोर्टिफाइड चावल को पर्याप्त पानी में पकाना चाहिए और बचे हुए पानी को फेंकना नहीं चाहिए। अगर चावल को बनाने से पहले पानी में भिगोया गया हो तो चावल को उसी पानी में पकाना चाहिए। फोर्टीफाइड चावल अत्यधिक पानी में धोने और पकाने के बाद भी अपने पोषक तत्वों को बरकरार रखता है। फोर्टीफाइड चावल को हर बार इस्तेमाल करने के बाद साफ और सूखे हवा-बंद डब्बे में रखना चाहिए।

जंक फूड की जगह 'मिलेट्स' को दैनिक जीवन में अपनाएं युवा

- **युवाओं में पोषण जागरूकता के लिए राज्य स्तरीय वेबीनार का आयोजन**

रायपुर/नवप्रदेश। पोषण पखवाड़े के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आज यूनिसेफ के सहयोग से युवाओं में पोषण जागरूकता के लिए राज्य स्तरीय वेबीनार का आयोजन किया गया। वेबीनार के माध्यम से युवाओं को मिलेट्स के फायदे समझाते हुए उन्हें दैनिक जीवन में मिलेट्स को शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया। वेबीनार से फेसबुक लाइव के माध्यम से नेहरू युवा केन्द्र, भारत स्काउट-गाइड, एनएसएस, यूनिसेफ सहित विभागीय अमले सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया।

महिला एवं बाल विकास विभाग के नोडल अधिकारी जी.एस.मरावी ने बताया कि 20 मार्च से महिला एवं बाल विकास द्वारा अन्य विभागों के सहयोग से पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान लोगों में पोषण जाकरूकता और व्यवहार परिवर्तन के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। विभागीय अधिकारी श्रुति नेरकर ने कहा कि पहले पूर्वज अन्न या मिलेट्स का प्रयोग करत थे। लेकिन बदलते समय में घरों में खानपान की शैली बहुत बदल गई है। मिलेट्स को फिर भोजन में शामिल कर पोषण के सभी फायदे लिये जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि महिला बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग कुपोषण से लंबे समय से लड़ाई कर रहा है। बच्चों, महिलाओं, किशोरियों को पोषण आहार और रेडी टू ईट प्रदान किया जा रहा है। लेकिन इसमें विभाग के साथ समाज के हर व्यक्ति की सहभागिता जरूरी है। पोषण संबंधित व्यवहार और खानपान परिवर्तन में युवा बड़ी भूमिका निभा सकते है। मिलेट्स से कई प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन बनाए जा सकते हैं। युवा जंक फूड को छोड़कर पौष्टिक भोजन और स्वस्थ जीवन शैली अपनाएं और दूसरों को भी प्रेरित करें।

यूनिसेफ के न्यूट्रीशन विशेषज्ञ श्री महेन्द्र प्रजापति ने बताया कि मिलेट्स पचने में आसान होते हैं इसलिए बच्चे से लेकर बुजुर्गो तक के लिए उपयोगी हैं। इसमें सारे पौष्टिक तत्व मिल जाते हैं। कम पानी और जमीन में अधिक उपज के कारण यह पर्यावरण के भी अनुकूल है। ये ज्यादा महंगे भी नहीं होते। उन्होंने बताया कि किशोरावस्था में वृद्धि और विकास तेजी से होता है। इस समय संतुलित आहार लेना जरूरी है। आजकल प्रोसेस्ड फूड के दुष्प्रभाव के कारण कुपोषण और मोटापा अधिक देखने को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि 2016 से 18 के बीच किये गए न्यूट्रीशन सर्वे के अनुसार बड़ी संख्या में किशोर और किशोरियों में आयरन, विटामिन ए, डी और विटामिन बी-12 की कमी देखी गई। यह भी पाया गया है कि बड़ी संख्या में किशोर नमक, शक्कर और फैट रिच फूड लेते हैं। प्रोसेस्ड फूड या जंक फूड में कैलोरी बहुत ज्यादा होती है और प्रोटीन और फाइबर बहुत कम होते हैं। इसके कारण युवाओं को उचित पोषण नहीं मिल रहा है। मिलेट्स के माध्यम से युवा संतुलित आहार ले सकते हैं, इसमें सभी सूक्ष्म और बड़े पोषक तत्व मिल जाते है।

यूनिसेफके विशेषज्ञ अभिषेक सिंह ने युवाओं के लिए पोषण और मिलेट्स कोलोकप्रिय बनाने में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन को प्रभावित करने के लिए लक्षित समूह को समझना और उनके मिथकों को दूर करना जरूरी है।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की एमपवार हर समिति द्वारा वाटर कूलर का वितरण

रायपुर/नवप्रदेश। कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत यूनियन बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर की एंपावर हर समिति द्वारा क्षेत्र प्रमुख कविता श्रीवास्तव की अगुवाई में दिनांक 28.03.2023 को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम सरोना स्थित स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल के विद्यार्थियों के लिए वित्तीय सहायता के अंतर्गत बैंक द्वारा वाटर कूलर प्रदान किया गया। इस अवसर पर एंपावर हर समिति रायपुर क्षेत्र की महिला प्रतिनिधि एवं विधि अधिकारी अपर्णा गुप्ता, सरोना शाखा प्रबंधक नेहा चंद्राकर एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे। क्षेत्रीय प्रमुख कविता श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि वर्तमान में बैंक द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ाने एवं महिलाओं को श्रम रोजगार के नए अवसर देने की दिशा में सराहनीय कदम उठाए जा रहे हैं।

क्षेत्र प्रमुख द्वारा सामाजिक गतिविधियों एवं कार्यस्थलों में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने पर बल दिया गया साथ ही बैंक द्वारा दी जाने वाली ऋण सुविधाओं के बारे में भी प्रकाश डाला गया। उनके द्वारा बताया गया कि बैंक महिला उघमियों के विकास हेतु यूनियन नारी शक्ति योजना के तहत आकर्षक ब्याज दर पर ऋण स्वीकृत कर रही है।

यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास एट डेलास ने नवीन जिंदल को दिया लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड

रायपुर/नवप्रदेश। हरियाणा के कुरूक्षेत्र के पूर्व सांसद, समर्पित समाजसेवी, जाने-माने उद्योगपति, शिक्षाविद् और निशानेबाजी व पोलो के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी नवीन जिन्दल को यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास एट डेलास (यूटीडी) ने लाइफ्टाइम एचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया है। जिन्दल यूनिवर्सिटी के इतिहास में दूसरे व्यक्ति हैं, जिन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुआ है। इनसे पहले अमेरिकी-तुर्की जैव वैज्ञानिक अज़ीज़ सैंकर को यह सम्मान प्रदान किया गया है, जिन्होंने 1977 में इस यूनिवर्सिटी से पीएचडी की डिग्री प्राप्त की थी। उन्हें 2015 में रसायन शास्त्र का नोबल पुरस्कार मिला है। वे डीएनए रिपेयर, सेल साइकल चेकप्वाइंट्स और सर्काडियन क्लॉक के विशेषज्ञ हैं। जिन्दल को सफल उद्योगपति, राजनेता और शिक्षा के क्षेत्र में उनके अनुकरणीय योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया है। श्री जिन्दल ने 1992 में यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास एट डेलास से प्रबंधन में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की थी। उन्हें एक खास आयोजन में 25 मार्च 2023 को सम्मानित किया गया।

यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास एट डेलास में नवीन जिन्दल का छात्र जीवन उपलब्धियों से भरा रहा। वे स्टुडेंट गवर्नमेंट के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, दोनों रहे और उन्हें वर्ष के छात्र नेता का सम्मान भी प्रदान किया गया। उन्हें 2010 में विश्वविद्यालय के खास पूर्व छात्र का भी सम्मान प्रदान किया गया। यही वह स्थान है, जहां श्री जिन्दल को भारतीय राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा से इतना प्यार हुआ कि वे प्रतिदिन राष्ट्रीय ध्वज फहराने और राष्ट्रीय ध्वज के माध्यम से देशप्रेम प्रदर्शित करने के लिए प्रेरित हुए। भारत आकर उन्होंने 10 साल कानूनी जंग लड़ी, जिसके परिणामस्वरूप 23 जनवरी 2004 को सुप्रीम कोर्ट ने देशवासियों को पूरे सम्मान के साथ तिरंगा फहराने का अधिकार दिया।

अपने छात्र नवीन जिन्दल की अनेक क्षेत्रों में सफलता से गर्वान्वित यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास एट डेलास ने 2011 में अपने प्रबंधन संस्थान का नाम नवीन जिन्दल इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट करके एक बड़ा सम्मान दिया। लाइफ्टाइम एचीवमेंट अवार्ड पूर्व छात्रों के लिए यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास एट डेलास का सर्वोच्च सम्मान है। यह सम्मान उन्हें प्रदान किया जाता है जिन्होंने सामाजिक परिवर्तन लाने एवं यूनिवर्सिटी के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया हो और जीवन की ऊंचाइयों को छूने के लिए लोगों की प्रेरणा का स्रोत बन गया हो।

गोंदवारा रायपुर में 30वें नि:शुल्क नियमित योगाभ्यास केन्द्र का शुभारंभ

- **संसदीय सचिव विकास उपाध्याय और छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा हुए शामिल**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ योग आयोग के द्वारा नगर निगम क्षेत्र में संचालित नियमित योगाभ्यास कार्यक्रम के अंतर्गत रायपुर के गोंदवारा स्थित कबीर दास वार्ड के बसंत विहार गार्डन में 30 वें निःशुल्क नियमित योगाभ्यास केन्द्र का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संसदीय सचिव श्री विकास उपाध्याय शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ योग आयोग ने की।

ज्ञानेश शर्मा ने चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दिनचर्या में नियमित योग को शामिल करने से लोग अपने शारीरिक व मानसिक व्याधियों को दूर कर सकते हैं। बसंत विहार गार्डन में प्रतिदिन सुबह 5.30 से 6.30 बजे तक योग प्रशिक्षक श्रीमती बबीता सिंघा द्वारा योगाभ्यास कराया जाएगा। विकास उपाध्याय ने कहा कि योग गतिविधियों के संचालन को लेकर छत्तीसगढ़ योग आयोग राज्य में अपनी अलग पहचान बना रहा है। नियमित संचालित निःशुल्क योगाभ्यास कार्यक्रमों से निश्चित ही लोगों को स्वस्थ लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रुप में वार्ड वरिष्ठ पार्षद नारद कौशल, छत्तीसगढ़ योग आयोग के सचिव एम.एल. पाण्डेय, योग साधकगण सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।

प्रशिक्षण... अनुसूचित क्षेत्रों में प्रशासन और प्रबंधन सुनिश्चित करने हेतु मास्टर्स ट्रेनर्स का दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

मास्टर्स ट्रेनर्स प्रशिक्षण सत्र का अधिकाधिक लाभ उठाएं : शम्मी आबिदी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के अनुसूचित क्षेत्रों में पंचायती राज संस्थाओं का प्रभावी शासन और प्रबंधन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इन संस्थाओं के चुने हुए जनजातीय समुदाय के प्रतिनिधियों की क्षमता विकास से संबंधित दो दिवसीय प्रशिक्षण आज आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (टीआरआई) नवा रायपुर अटल नगर के सभाकक्ष में प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण सत्र के प्रथम दिन आज जिलों से मनोनीत कुल 54 मास्टर्स ट्रेनर्स ने भाग लिया। उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए आयुक्त सह संचालक टीआरआई श्रीमती शम्मी आबिदी ने संक्षेप में प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य बताया। उन्होंने जिलों से आए मास्टर्स ट्रेनर्स से आग्रह किया कि वे इस प्रशिक्षण सत्र का भरपूर लाभ उठाएं तथा प्रशिक्षण सत्र के दौरान आने वाले विभिन्न विषय विशेषज्ञों से अपनी सभी शंकाओं का समाधान करें, जिससे जिला स्तर पर पंचायत प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण देते समय उन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो।

आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ के अनुसूचित क्षेत्रों में पंचायती राज संस्थाओं का प्रभावी प्रशासन और प्रबंधन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इन संस्थाओं के जनजातीय समुदाय के प्रतिनिधियों की क्षमता विकास से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम 28-29 मार्च 2023 को टीआरआई स्थित प्रशिक्षण हॉल में आयोजित किया जा रहा है। यहां जिलों से चयनित मास्टर्स ट्रेनर्स प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने अपने जिलों में जाकर जनजातीय समुदाय के प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण देंगे, ताकि शासन द्वारा इस वर्ग हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की मैदानी स्तर पर सही जानकारी दी जा सके। उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम को तकनीकी सहयोग संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम प्रदान कर रहा है।

प्रशिक्षण सत्र के प्रथम दिन सर्वप्रथम विषय विशेषज्ञ श्री प्रखर जैन (पेसा समन्वयक) ने पांचवी अनुसूची के संबंध में विस्तार से बताते हुए कहा कि देश के कुल 10 राज्यों में 5वीं अनुसूची लागू है। छत्तीसगढ़ राज्य के 16 जिलों में यह पूर्ण रूप से लागू है। इसके अलावा ग्राम सभा तथा ग्राम पंचायत को पंचायती राज अधिनियम अंतर्गत प्राप्त शक्तियों की विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही 1996 में केन्द्र सरकार द्वारा बनाए गए पेसा कानून के बारे में भी विस्तार से बताया गया तथा महामहिम राज्यपाल को इस संबंध में प्राप्त शक्तियों की विस्तार से जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण सत्र में राजस्व विभाग के पी. निहलानी ने छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 एवं भूमि अधिग्रहण, विस्थापन एवं पुनर्वास ऐक्ट 2013 के विभिन्न प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने धारा 165(1), धारा 168, उपधारा 2, 4, 5, 6 एवं उपधारा 6 (क), उपधारा 10, धारा 170 ख आदि पर विस्तार से अपने विचार प्रकट किए। विशेष रूप से बधंक भूमि के विभिन्न प्रकारों एवं अनुसूचित क्षेत्रों में भूमि क्रय-विक्रय के संबंध में छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 के विभिन्न प्रावधानों तथा 2013 में निर्मित भूमि अधिग्रहण, विस्थापन एवं पुनर्वास एक्ट पर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रशिक्षक कमल सिंह भदौरिया द्वारा सामाजिक विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। डी. डी. तिवारी द्वारा दिव्यांगजनों से संबंधित शासन द्वारा किए जा रहे विभिन्न सुधारात्मक उपायों पर प्रकाश डाला गया। अनुराधा द्वारा लघु वनोपज संग्रहण, प्रसंस्करण एवं वनोपज आधारित शासन की विभिन्न योजनाओं और इस पर आधारित उद्योगों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज उत्पादन में देश के अग्रणी राज्यों में से है एवं शासन द्वारा लगातार इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। इसके अलावा एलीस लकड़ा द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं बिहान के संबंध में पूरी जानकारी दी गई।

न्यूज गैलरी

किसानों के खाते में पहुंची चौथी किश्त

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छुरिया नगर के जिला सहकारी बैंक में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष नवाज खान के दिशा निर्देश में खुज्जी विधानसभा के सक्रिय नेता महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगाव चुम्मन साहू के नेतृत्व में मंगलवार को किसान सप्ताह का आयोजन किया गया। इस दौरान चुम्मन साहू कि पुरी टीम ने जिला सहकारी बैंक में मौजूद सभी किसानों का विधिवत गुलाल लगाकर चाय पिलाया। जिससे किसानों ने भरी गर्मी में राहत की सांस ली। और पहली बार इस प्रकार के सेवा कार्यों को देख किसानों के चेहरे में खुशी का माहौल रहा। किसानों ने चुम्मन साहू की पुरी टीम को आशीर्वाद दिया। इस दौरान लादूराम तुमरेकी, पार्षद सुनील लारोकर, मोहसिन खान, शैलेन्द्र सिन्हा, शोएब खान व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला कार्यालय गरियाबंद में प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को आयोजित जनचौपाल में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से आये 45 लोगों ने अपनी समस्या संबंधी आवेदन प्रस्तुत किये। कलेक्टर प्रभात मलिक ने लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने मौके पर ही आवेदकों की समस्या संबंधी आवेदन को संबंधित विभाग के अधिकारियों से इसके निराकरण के संबंध में विभाग द्वारा की गई पहल की जानकारी ली। साथ ही आवेदकों को उनकी समस्या का शीघ्र निराकरण का भरोसा दिलाया। जनचौपाल में ग्राम चैतरा के छत्तर टंडन ने बकरी पालन हेतु सहायता राशि, ग्राम नागाबुड़ा की विभा गिडियन ने आर्थिक सहायता राशि, ग्राम खट्टी के दसरी बाई साहू ने पीएम सम्मान निधि की राशि के संबंध में, ग्राम खम्हारीपारा के देवराम ने निर्माण कार्य में रोक हटाने, ग्राम रवेली के गीता राम व ग्राम गोंदलाबाहरा के हरिराम ने वन पट्टा, ग्राम आमदी द की पुष्पा दीवान ने विधवा पेंशन, ग्राम सहसपुर के इन्द्रजीत धनगढ़ ने असंगठित कर्मकार प्रसूति सहायता योजना के संबंध में, गरियाबंद के पार्षद वंशगोपाल सिन्हा ने वार्ड क्रमांक 8 से 15 के मध्य शासकीय उचित मूल्य दुकान खुलवाने, फिंगेश्वर के तिजऊराम रात्रे प्रधानमंत्री आवास हेतु, ग्राम खट्टी की कुंती बाई ने जमीन की पट्टा बनवाने, ग्राम जिडार के दिलीप कुमार ने अनुकंपा नियुक्ति और ग्राम चैतरा के लक्ष्वंतिन ने सीमांकन कराने जैसे विभिन्न आवेदन प्रस्तुत किया। जनचौपाल में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, एसडीएम राजिम सुश्री पूजा बंसल, देवभोग एस.डी.एम अर्पिता पाठक डिप्टी कलेक्टर सुश्री चांदनी कंवर सहित समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

प्राकृतिक आपदा के दो प्रकरण में आठ लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर प्रभात मलिक ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के दो प्रकरण में मृतक के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमलीपदर तहसील के ग्राम काण्डेकेला निवासी 47 वर्षीय पदमन सिंह मांझी की 17 सितम्बर 2022 को तेलनदी के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन उनकी पत्नी श्रीमती मंटोरा बाई को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार राजिम तहसील के ग्राम बारूला निवासी 45 वर्षीय दुलारी बाई की 19 मार्च 2022 को अग्नि दुर्घटना से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन उनके पति महेश कुमार को 4 लाख रुपये स्वीकृत की गई है।

छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण के लिए प्राथमिकता देते हुए कार्य करें अधिकारी: कलेक्टर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर डोमन सिंह ने कहा कि कोटपा के अंतर्गत तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत एक माह में जिले में 92 चालानी कार्रवाई बढ़ाकर 1000 से अधिक चालानी कार्रवाई की गई है। जिसके लिए जिले को राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया गया है। उन्होंने इसके लिए राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने कहा कि एक अप्रैल से छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 प्रारंभ होगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को इसके लिए प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण से संबंधित एप का शुभारंभ किया है। शिक्षक, रोजगार सहायक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की प्रगणक के लिए ड्यूटी रहेगी तथा संकुल समन्वयक एवं आरईएओ ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सुपरवाईजर के रूप में ड्यूटी करेंगे। उन्होंने छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक 2023 सर्वेक्षण के लिए सभी आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में सर्वेक्षण की अलग से समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा बेरोजगारी भत्ता की यह योजना 1 अप्रैल 2023 से प्रारंभ की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत केवल ऑनलाईन आवेदन लिए जाएंगे। यह पोर्टल पर 1 अप्रैल 2023 से आम जनता के लिए उपलब्ध रहेगा।

योजना के आवेदनों का भौतिक सत्यापन, आवेदकों को समक्ष में बुलाकर किया जाएगा। जिसके लिए गावों एवं शहरों के वार्डों के क्लस्टर बनाया जाना है। प्रत्येक क्लस्टर के लिए सत्यापन टीम का गठन होगा। प्रत्येक क्लस्टर में इंटरनेट की व्यवस्था, आवेदकों के बैठने, पेयजल एवं छाया की व्यवस्था होनी चाहिए। उक्त दिशा-निर्देश कलेक्टर श्री सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में दिए।

कलेक्टर डोमन सिंह ने रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में गतिविधियों में तेजी लाने के निर्देश दिए। लीड बैंक मैनेजर को वहां कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि रूरल इंडस्ट्रियल पार्क शासन की महती योजना है। इसमें सभी लघु उद्यमियों को प्रोत्साहित करते हुए प्रमुखता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि सुपोषण अभियान अंतर्गत सुपोषण किट का वितरण किया जा रहा है। जनप्रतिनिधियों, स्वयं सेवी संस्थाओं, सामाजिक संस्थाओं, अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षक, डॉक्टर एवं जनसामान्य की इसमें सक्रिय सहभागिता है।

महिला एवं बाल विकास विभाग में भारी भ्रष्टाचार का लगा आरोप

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश की एकमात्र महिला मंत्री जिन्हें मंत्री पद इसलिए दिया गया कि वे महिलाओं व बच्चों के सामाजिक जीवन व उनका अच्छा पालन पोषण हो ऐसी योजनाएं बनाकर उनके जीवन को और बेहतर करें।मगर लोकतंत्र के चौथे स्तंभ माने जाने वाले पत्रकार जो प्रदेश की महिला मंत्री के खिलाफ इस तरह की बातें खुलकर अपने पेपर पर लिख रहे हैं।जिन्हें आप अनदेखा नही कर सकते है।जिससे एक स्थिति तो स्पष्ट दिखाई पड़ती है,कि मंत्री जी को नोट पसंद हो या ना हो मगर आदिवासी भाई बहन व आदिवासी लोग बिल्कुल पसंद नहीं है।उनके द्वारा बनाई गई हर योजना में गैर आदिवासी लोगों को लेकर चलना,मंत्री प्रतिनिधि जैसे पदों में गैर आदिवासियों का होना।आदिवासी भाइयों व उनके छोटे-छोटे बच्चों के पालन पोषण में धांधली कर अपनी जेब

भरना,यह एक अपने आप में बहुत बड़ा उदाहरण है।पूरे डौंडीलोहारा विधानसभा में 9 साल से विधायक रहते हुए व 4 साल से मंत्री रहते हुए आज भी उनके प्रभारी विभाग में अनेकों घोटाले व धांधली हर कुछ महीनों में सामने आती रही है।और अब तो इसे कुछ पत्रकार जनता से रूबरू कराने में भी लगे हुए हैं वह भी चाहते हैं,कि जनता को मंत्री जी का असली चेहरा सामने दिखे 4 सालों से मंत्री रहते हुए भी हम अपने पूरे जिले में कुपोषण को पूर्णता खत्म नहीं कर पाए इसी से आप समझ सकते हैं,की इन 4 सालों में ना तो कोई बड़े काम हुए हैं।केवल हाथ आया है तो सिर्फ नाकामी,जिसे पूरे विधानसभा की जनता ने इन्हें अपना एक-एक मत देकर जिताया और इन्हें पुनः विधायक बनाकर प्रदेश में मंत्री के पद पर बिठाया उसके बाद भी इन्हें पूरे जिले के व्यक्ति ना मिलकर अपने विभाग के सारे काम जिले के बाहर के लोगों को सम्मिलित कर देना और उनका दखल विभाग में होना यह भ्रष्टाचार को और मजबूती प्रदान करता है।मंत्री जी एक बात का जरूर ध्यान रखें कि इसी वर्ष विधानसभा के चुनाव होने और भाजपा उनके द्वारा किए गए हर एक घोटाले व धांधली को उजागर कर उनका असली चेहरा जनता के बीच लाएगी।और हमारे भोले भाले आदिवासियों को जो 9 साल से ठगा जा रहा है।उसके लिए हम मंत्री जी के द्वारा किए गये घोटालों की सूची बनाकर घर-घर जाकर चर्चा करेंगे।

रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण और अपीलीय अधिकारी नियुक्त

धमतरी/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी ने त्रिस्तरीय पंचायतों के आम/उप निर्वाचन 2023 के लिए रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण और अपीलीय अधिकारी नियुक्त किए हैं। जारी आदेश के अनुसार अपर कलेक्टर चंद्रप्रकाश कौशिक को ग्राम पंचायतों के अधिकार क्षेत्र के लिए अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा संबंधित तहसीलदार को सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। ज्ञात हो कि जनपद पंचायत धमतरी की ग्राम पंचायत कलारतराई, कुरूद के ग्रसम सिलघट, दर्रा, सिलीडीह, कोड़ेबोड़, डांडेसरा, कुम्हारी, नवागांव क., सेमरा बी., चर्रा, चरमुड़िया, नवागांव उ, मगरलोड के नवागांव बु., बोड़रा और नगरी के कट्टीगांव, बोराई, बिलभदर, केरेगांव, छुही, कौहाबाहरा और कल्लेमेटा में उपचुनाव सम्पन्न कराया जाना है।

नवदम्पत्तियों को परिवार नियोजन संबंधित जानकारी देने नई पहल किट की हुई शुरुआत

■ कलेक्टर ने नई पहल किट का वितरण कर जिलें में किया शुभारंभ

भाटापारा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत संचालित मिशन परिवार विकास योजना के तहत बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में नवविवाहित दंपत्तियों में परिवार नियोजन कार्यक्रम के विषय में जानकारी हेतु नई पहल किट का वितरण प्रारंभ किया गया है। इसी कड़ी में कलेक्टर रजत बंसल ने जिला कलेक्टर कार्यालय में बलौदाबाजार नगर के हितग्राही श्रीमती सुधा चौहान,श्रीमती महेंद्र कुमारी यादव को किट वितरण कर इसकी शुरुआत की गई। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एमपी महिस्वर ने बताया कि नवविवाहितों में परिवार नियोजन के साधनों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नई पहल किट का वितरण जिले में शुरू किया गया है यह योजना छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में ग्रामीण तथा शहरी दोनों क्षेत्रों में लागू की गई है। इस परिवार नियोजन किट का वितरण सीएचसी/पीएचसी या उप केंद्र के स्तर से मितानिनों द्वारा किया जायेगा। इसे हेतु मितानिनों को प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी । इस नई पहल किट के अंतर्गत एक वेनेटी बॉक्स होगा जिसमें कुछ लघु सूचना पत्र होंगे जो नव दंपति को अभिभावक बनने से पूर्व उचित जानकारी उपलब्ध कराएंगे ।

सर्वेक्षण के कार्यों में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने के कारण राजस्व निरीक्षक पंडरिया अजय पाण्डेय, ग्रा.कृ.वि. अधिकरी पंडरिया श्री जी.पी. चतुर्वेदी, नीलूराम साहू और बोड़ला परमेश्वर धुर्वे को कारण बताओं नोटिस जारी किया है। छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के लिए सुपरवाईजर नियुक्त किया गया है। जिला पंचायत कबीरधाम के सभाकक्ष में 27 मार्च 2023 को सुबह 10 बजे से प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। लेकिन राजस्व निरिक्षक और ग्रा.कृ.वि. अधिकरी द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना एवं अनुमति के प्रशिक्षण में अनुपस्थित पाए गए। इस प्रकार इनके द्वारा उच्चाधिकारियों के आदेश निर्देशों का उल्लंघन करते हुए अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता बरती जा रही है। यह कृत्य छ.ग. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 में निहित प्रावधानों के विपरित है एवं कदाचरण की श्रेणी में आता है। जिसके कारण संबंधित को इस संबंध में अपना स्पष्टीकरण 31 मार्च 2023 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत करने कहा गया है। समयावधी में समाधान कारक जवाब प्रस्तुत नहीं करने की दशा में छ.ग. शासकीय सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत् कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

गांव की सुख समृद्धि और कल्याण के लिए सर्वप्रथम ठाकुर देव की पूजा: छाबड़ा

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भिलौरी में नवरात्रि के पावन पर्व में आयोजित ठाकुर देव पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। सर्वप्रथम ठाकुर देवता मंदिर में विधिविधान से पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियो की खुशहाली की

कामना किए। इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा ग्रामीण जनजीवन में कृषि का अपना विशेष महत्व हैं, गांव के शुभ कार्यों की शुरुआत ग्राम देवता की पूजा अर्चना करके ही की जाती हैं। गांव बनाने की परंपरा बहुत पुरानी हैं, जिसे आज भी ग्रामीणों द्वारा ग्राम के आराध्य ठाकुर देव सहित ग्राम के अन्य देवी देवताओं का आह्वान कर गांव बनाने की परंपरा का निर्वहन किया जाता हैं। जिस तरह गांव चलाने की पूरी ज़िम्मेदारी गांव के बुजुर्गों पर रहती हैं, कुछ भी कार्यक्रम मुखिया को बिना पूछे नहीं करते हैं, सार्वजनिक काम हो तो पूरी ज़िम्मेदारी एवं मार्गदर्शक के रुप में बड़ों की भूमिका रहती हैं, उसी तरह से गांव में ठाकुर देवता हैं, ठाकुर देवता ग्राम के सब देवता में से बड़े माने जाते हैं। साथ ही ग्राम भिलौरी के युवाओं ने कांग्रेस पार्टी, विधायक आशीष छाबड़ा के कार्यो से प्रभावित होकर कांग्रेस प्रवेश किये, सभी को कांग्रेसी गमछा पहनकार स्वागत किया गया। इस अवसर पर टीआर साहू सदस्य जिला पंचायत बेमेतरा, मौजीराम साहू विधायक प्रतिनिधि, मिथलेश वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा, भक्कु राम साहू सरपंच, चेतन साहू, शरद साहू, अविनाश साहू, राधे दुबे, मुकेश साहू, रविकुमार साहू, बाबूलाल साहू, पुरन साहू, राजेन्द्र प्रसाद,साहू, प्रताप सिंह साहू, रविशंकर साहू, अमन साहू, प्रकाश साहू, तुषार साहू, बिस्म्भर साहू, सीताराम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहें।

विधायक बघेल ने जनप्रतिनिधियों के साथ कलेक्टर से मुलाकात, गांवों को शामिल नहीं करने की मांग

राजनांदगांव/नवप्रदेश। डोंगरगढ़ विधायक भुनेश्वर शोभाराम बघेल ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों के साथ कलेक्टर से मुलाकात कर प्रस्तावित नए तहसील घुमका में खैरझिटी रा. नि. मंडल के ग्रामों को सम्मिलित ना करने मांग किया गया। विधायक बघेल ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व आम जनता की मांग अनुसार प्रस्तावित नए तहसील घुमका में खैरझिटी रा. नि. मंडल के ग्राम खैरझिटी, तिलई, डंगनिया, पदुमतरा, खपरीखुर्द, चवेली, बसूला, डुमरडीह कला, सेम्हरादैहान, धौराभाठा, बुंदेलीखुर्द, बुन्देलीकला, डोम्हाटोला, रेंगाकठेरा, डारागांव, खपरीकला, मकरनपुर, सिंगपुर, मोहबा, कांकेतरा, जोरातराई (ब), भाठागांव, जोरातराई, झुराडबरी, तुमड़ीलेवा, परेवाडीह, बघेरा, बोईरडीह, मुढ़ीपार, मनगटा गांव सम्मिलित ना कर यथावत राजनांदगांव तहसील में रखने की मांग रखी गई है।मुलाकात के दौरान विधायक भुनेश्वर शोभाराम बघेल के साथ जनपद सभापाति ओम प्रकाश साहू, ग्राम पंचायत बघेरा सरपंच हरिश देशमुख, भाठागांव सरपंच साकेत वैष्णव, डुमरडीहकला सरपंच दिनेश ठाकुरमौजूद रहे।

भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना से मिल रहीं आर्थिक मदद

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासन द्वारा ग्रामीण अंचल के भूमिहीन परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए शुरू की गई राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना से ग्रामीण क्षेत्रों के मजदूरों को आर्थिक सहायता मिल रही है। ग्रामीण क्षेत्रों के मजदूरों के लिए शुरू की गई यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के लिए सहारा बनी है। ऐसे परिवार जिनका मजदूरी के अलावा कोई अतिरिक्त आय का साधन नहीं है, उन्हें आर्थिक रूप से मदद पहुंचाने में यह योजना मददगार साबित हुई है। इस योजना के तहत ऐसे परिवार जिनके पास खेती की जमीन नहीं है और वे मनरेगा या कृषि मजदूरी से जुड़े चिन्हांकित हितग्राही परिवार के मुखिया को प्रति वर्ष 7 हजार रूपए अनुदान सहायता राशि एक अथवा दो किश्तों में दी जाती है। राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में जिले के हितग्राहियों को 14 करोड़ 27 लाख 27 हजार रूपए की राशि प्राप्त हुई है। जिले में वित्तीय वर्ष 2021-22 में 11 हजार 783 हितग्राहियों को 2000 रूपए के मान से प्रथम किश्त की 2 करोड़ 35 लाख 66 हजार रूपए एवं 11 हजार 776 हितग्राहियों को 2000 रूपए के मान से द्वितीय किश्त की 2 करोड़ 35 लाख 52 हजार रूपए प्राप्त हुए हैं।

न्यायालय नायब तहसीलदार सण्डी, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.मा.क्र. अ/74 वर्ष 2022 - 23
गोपीचंद पिता सुबो जाति सतनामी
ग्राम - सरसेनी प.ह.न.- 01

सर्व साधरण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गोपीचंद पिता सुबो जाति सतनामी साकिन सरसेनी प.ह.नं. 01 रा.नि.मं. देवसुन्द्रा तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा छत्तीसगढ़ राजस्व जन्म /मृत्यु पंजीयन नियम 2001 के नियम 9(3) भारत शासन के जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम की धारा 13(3) के अंतर्गत के आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक की बुआ सुखमत बाई पति महेशराम की मृत्यु दिनांक 08.12.2013 को ग्राम सरसेनी में हुआ है। जिसका मृत्यु पंजीयन ग्राम पंचायत सरसेनी के पास भूलवश या अज्ञानता के कारण नहीं करा पाया है। इसलिए आवेदक के द्वारा अपने फुफा मुरितराम का मृत्यु पंजीयन ग्राम पंचायत सरसेनी के पास दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किये जाने पर प्रकरण प्रारंभ किया गया। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त मृत्यु के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को अपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वतः इस न्यायालय में उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत दिनांक 05.04.2023 को दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 20.03.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा पद मुद्रा के द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

सील
नायब तहसीलदार
सण्डी (पलारी)

न्यायालय नायब तहसीलदार सण्डी, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.मा.क्र. अ / 74 वर्ष 2022 - 23
गोपीचंद पिता सुबो जाति सतनामी
ग्राम सरसेनी प.ह.न.- 01

सर्व साधरण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गोपीचंद पिता सुबो जाति सतनामी साकिन सरसेनी प.ह.नं. - 01 रा.नि.मं. देवसुन्द्रा तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा छत्तीसगढ़ राजस्व जन्म/मृत्यु पंजीयन नियम 2001 के नियम 9 (3) भारत शासन के जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम की धारा 13(3) के अंतर्गत के आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक का फुफा मुरितराम पिता महेशराम की मृत्यु दिनांक 25.03.2018 को ग्राम सरसेनी में हुआ है। जिसका मृत्यु पंजीयन ग्राम पंचायत सरसेनी के पास भूलवश या अज्ञानता के कारण नही करा पाया है। इसलिए आवेदक के द्वारा अपने फुफा मुरितराम का मृत्यु पंजीयन राम पंचायत सरसेनी के पास दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किये जाने पर प्रकरण प्रारंभ किया गया। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त मृत्यु के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को अपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वतः इस न्यायालय में उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत दिनांक 05.04.2023 को दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 20.03.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा पद मुद्रा के द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

सील
नायब तहसीलदार
सण्डी (पलारी)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

मामला क्र.

ईश्तहार

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनूप कुमार साकिन कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग द्वारा अपने मदन लाल की मृत्यु दिनांक. 16/01/2012 को हो चुकी है । उक्त संबंध में मृत्यु प्रमाण पत्र चाहा गया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना होतो दिनांक 05/04/2023 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। आज दिनांक 28/03/2023 को मेरे स्वंय के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

सील
कार्यपालिक दंडाधिकारी
जिला- दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 2296 दिनांक 28.03.2023
वार्ड का नाम- 56- अरविंद दीक्षित

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR44300180 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती GOVT NAZUL HABIL NAND पिता/ पति श्री/ श्रीमती REGHANAND के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती Agnesh Nand पिता/पति श्रीमती W/o Ashish Nand ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 10
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 2280 दिनांक 28.03.2023
वार्ड का नाम- 56-अरविंद दीक्षित

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR447C0048A जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SUPARASCHAND GOLCHHA पिता/पति श्री/श्रीमती LT. LANWAR LAL GOLCHHA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 1. PREETAM SINGH KHALSA 2. JAGMEET SINGH KHALSA पिता /पति श्री/श्रीमती 1. JEET SINGH KHALSA 2. PREETAM SINGH KHALSA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 10
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 2279 दिनांक 28.03.2023
वार्ड का नाम- 56- अरविंद दीक्षित

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR447C00048 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती JAYSHRI GOLCHHA पिता /पति श्री/श्रीमती SUPARASCHAND GOLCHHA के नाम से दर्ज है जिसको श्री /श्रीमती 1.PREETAM SINGH KHALSA 2. JAGMEET SINGH KHALSA पिता/पति श्री/श्रीमती 1. JEET SINGH KHALSA 2. PREETAM SINGH KHASA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दानपत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 10
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय मुख्य अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
रायपुर परिक्षेत्र रायपुर

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से प्रपत्र ''ए'' में प्रतिशत दर पर अनुबंध हेतु निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	निविदा क्र./ दिनांक	सिस्टम नं.	निविदा आमंत्रण	योजना का नाम	अनुमानित लागत	पंजीकृत ठेकेदार
1	157/28.03.2023	129144	द्वितीय	चारामा डिस्ट्रीब्यूशन पाईप लाईन (जोन 01 एवं 02)	334.47	बी एवं उच्च

Schedule of Date - Date of calling NIT- **28-03-2023**, Bid Start Date - **31-03-2023**, Pre Bid date- **06-04-2023**, Bid Due Date-**12-04-2023**, PHY Sub Date -**17-04-2023**, Open Date- **17-04-2023**

नोट :- उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तो, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पार्टल https://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 29.03.2023 सें देखी जा सकती है।

जी-99734/4

मुख्य अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
रायपुर परिक्षेत्र रायपुर

कार्यालय नगरपालिका परिषद सारंगढ़
जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक/ 3937 /लो.क./2023 सारंगढ़, दिनांक - 27.03.2023

-:: द्वितीय रूचि की अभिव्यक्ति ::-

एतद् द्वारा जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला मुख्यालय में गढ़कलेवा एवं सी मार्ट की स्थापना प्रस्तावित है। गढ़कलेवा एवं सी मार्ट के संचालन के लिए पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशीप (पी.पी.पी.) मॉडल अन्तर्गत इच्छुक स्व सहायता समूहों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है। जिसका अंतिम तिथि 10.04.2023 को समय दोपहर 03.30 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। निर्धारित आवेदन प्रारूप में आवेदन शुल्क, सुरक्षा निधि एवं बैंक गारंटी/बैंक सालवेंसी एवं अन्य दस्तावेजों सहित दिनांक 10.04.2023 को समय दोपहर 03.30 बजे तक अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। स्व सहायता समूह एवं सपोर्टिंग एजेंसी से संबंधित समस्त दस्तावेज आवेदन के साथ प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है। अन्य जानकारी हेतु कार्यालय नगरपालिका सारंगढ़ के सूचना पटल एवं वेबसाईज https://uad.cg.gov.in/ का अवलोकन करें ।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद सारंगढ़

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग- गरियाबंद जिला - गरियाबंद (छ.ग.)
E-mail-eeresdvgariyaband@gmail.com

ई- निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 08/2022-23 (द्वितीय बार)

क्रमांक/674 / निविदा/ग्रा.यां.से./ 2022-23 गरियाबंद, दिनांक 28/03/2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अतंर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ई-निविदा दिनांक 10.04.2023 तक आमंत्रित की जाती है।

स. क्र.	सिस्टम टेण्डर नंबर	कार्य का नाम	ठेके की अनुमानित राशि (लाख रु.में)	मैन्युअल दस्तावेज कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5
1	129223	रीपा में मिल्क पेस्टयूराईजेशन प्लांट निर्माण कार्य चिखली विद्युतीकरण सहित वि.ख. गरियाबंद।	36.75	कार्यालय कार्य. अभि., ग्रा. यां. सेवा संभाग गरियाबंद, दिनांक 12.04.2023 को सायं 5.30 बजे तक
2	129224	रीपा में प्रशिक्षण केन्द्र सह आवासीय परिसर निर्माण कार्य चिखली विद्युतिकरण सहित वि.ख. गरियाबंद।	25.81	
3	129225	रीपा में स्टोर कक्ष आहता सह सी.सी. रोड निर्माण कार्य चिखली वि.ख. गरियाबंद।	30.94	

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 01.04.2023 से डाउनलोड की/देखी जा सकती है।

जी-99779/3

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग- गरियाबंद

संक्षिप्त खबरें

प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत का 31 मार्च से आगाज

दुर्ग/नवप्रदेश। स्व दाऊ श्री रामचंद देशमुख प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत महोत्सव कार्यक्रम स्थल ग्राम निकुम रूदा रोड जिला दुर्ग में लोककला के संरक्षण व प्रदर्शन के उद्देश्य से आयोजित नाचा महोत्सव शुभारंभ 31 मार्च से किया जाना है। जो 2 अप्रैल तक चलेगा कार्यक्रम के संयोजक रूपेश देशमुख ने कहा की यह मोबाइल क्रांति के जमाने में विलुप्त होती लोककला,नाचा पार्टी को जीवित रखने के लिए तथा पूर्वजों की सबसे पसंदीदा समृद्धि शाली संस्कृति को जीवंत करने का काम छत्तीसगढ़ के नाचा पार्टी के संगठन द्वारा मिलकर इस आयोजन को बड़े पैमाने पर 3 दिनों तक लगातार किया जाएगा। लगभग 20 मंडली 3 दिनों तक प्रस्तुति देगी। जिसे हम महोत्सव के माध्यम से लोगो को बताना चाहते है की छत्तीसगढ़ में छत्तीगढ़िया लोककला नाचा गम्मत से बड़ा कुछ भी नहीं है। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के गृह मंत्री का ताम्रध्वज साहू द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया जाएगा। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर दाऊ रामचंद्र देशमुख की सुपुत्री डॉ सुधा नायक भी शामिल होंगी। दूसरे दिन छत्तीसगढ़ शासन के केबिनेट मंत्री अमरजीत भगत, कवासी लखमा भी शामिल होंगे। वहीं तीसरे दिवस कार्यक्रम के समापन समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी शामिल होंगे। उक्त आयोजन में बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे जिसके लिए भारी-भरकम तैयारियां की जा रही है।

महाष्टमी पर हवन पूजन संपन्न

कुम्हारी/नवप्रदेश। बुधवार को महाष्टमी पर मां महामाया मंदिर एवं शीतला मंदिर में हवन पूजन सम्पन्न हुआ। हवन का कार्यक्रम शाम 5 बजे प्रारम्भ हुआ। नवरात्री में अष्टमी का विशेष महत्व होता है नौ दिन उपवास रहने वाले व्रती विशेष रूप से अष्टमी के हवन में शामिल होते हैं ऐसा मानना है कि तभी व्रतियों के नवरात्र के व्रत पूर्ण होते हैं। महाष्टमी में अलसुबह ही मंदिर में दर्शन हेतु भक्तों का तांता लगा हुआ था। बाकी दिनों की अपेक्षा मंदिर में आज तीन गुना अधिक भीड़ दिखाई दी।

शाम पांच बजे रायपुर से पधारे डॉ. आचार्य यशवंत शर्मा द्वारा हवन सम्पन्न हुआ शाम 7 बजे पूर्ण आहुति दी गई। हवन में स्थानीय लोगों के अलावा आसपास के ग्रामीण भी उपस्थित रहे। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि में महामाया मंदिर में 1946 ज्योत जलाए गए थे जिनमे विदेशों से भी लोगो ने अपने व परिवार की मंगल कामना के लिए माता के दरबार मे आस्था के ज्योत जलाए। महाष्टमी में अवसर पर मंदिर परिसर में भोग वितरण भी किया गया व्यक्तिगत एवं कई संस्थाओं ने भी मंदिर प्रांगण में भोग वितरित किये। महाष्टमी के इस पावन अवसर पर आज माता के दर्शन के लिए बाकी दिनों से कहीं अधिक भीड़ थी।

निधन

श्री आर एन सिंह

भिलाई। रामनगर निवासी,भिलाई इस्पात संयंत्र के भूतपूर्व मुख्य शिक्षा अधिकारी श्री आर. एन. सिंह का आज निधन हो गया, वे 82 साल के थे, उनका अंतिम संस्कार 30 मार्च को सुबह 11 बजे रामनगर मुक्तिधाम में होगा वे ओम प्रकाश सिंह , राम प्रकाश सिंह, गीता सिंह,रीता सिंह के पिता व महेंद्र सिंह, राजीव पाल के ससुर थे। क्षत्रिय कल्याण सभा भिलाई नगर ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी है।

देश के विभिन्न राज्यों के महिला फुटबॉल खिलाड़ी भिलाई में

- **सेक्टर 1 के पंत स्टेडियम में हो रहा है महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन**

भिलाई/ नवप्रदेश। सेक्टर 1 के पंत स्टेडियम में राष्ट्रीय स्तर का फुटबॉल मैच का आयोजन हो रहा है। महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप का मैच सोमवार को जम्मू कश्मीर एवं मध्य प्रदेश के मध्य खेला गया। बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे महापौर नीरज पाल ने खिलाड़ियों का हौसला बुलंद किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से परिचय लेते हुए उन्हें छत्तीसगढ़ की धरा पर आने की बधाई दी तथा खिलाड़ियों का कुशलक्षेप भी जाना और जीत की शुभकामनाएं दी। बता दे कि 6 अलग-अलग राज्यों की टीम भिलाई में फुटबॉल मैच के लिए पहुंची है। सोमवार को जम्मू कश्मीर एवं मध्यप्रदेश के बीच हुई मैच में मध्यप्रदेश ने 6-0 से जम्मू कश्मीर को शिकस्त देकर विजय हासिल किया। छत्तीसगढ़ 27 वा महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए लद्दाख, दिल्ली, झारखंड, छत्तीसगढ़, जम्मू कश्मीर एवं मध्य प्रदेश के खिलाड़ी भिलाई में पहुंचे है। प्रतिदिन मैच का आयोजन किया जा रहा है। 8 अप्रैल को फाइनल मैच खेला जाएगा और मैच समाप्त होगा। छत्तीसगढ़ की भूमि पर आकर अन्य राज्यों के खिलाड़ी काफी प्रसन्नचित्त है। सुबह 8:00 बजे एवं शाम को 4:00 बजे मैच का आयोजन शेड्यूल के अनुरूप हो रहा है। मैच को लेकर खिलाड़ियों में काफी उत्सुकता है तथा हर खिलाड़ी अपने टीम को जिताने की कोशिश में है। महापौर के साथ खिलाड़ियों की हौसला अफजाई के लिए छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ के महासचिव जे.डी. गांधी तथा सहायक महासचिव मोहनलाल भी मौके पर मौजूद रहे।

13 दिनों में 98 शराबी वाहन चालकों पर की चालानी कार्रवाई

- **शराब पीकर पिकअप वाहन में बराती ले जा रहे हैं बरात को यातायात पुलिस ने वापस भेजा**

दुर्ग/ नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक दुर्ग डॉ. अभिषेक पल्लव के निर्देशानुसार एवं उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) श्री सतीष ठाकुर, श्री सदानंद विंधराज के नेतृत्व में यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा रात के समय सड़क दुर्घटना के मुख्य कारण शराब पीकर वाहन चलाने वाले एवं मालवाहक में सवारी ले जाने वाले चालकों के विरूद्ध निरतंर कार्यवाही की जा रही।

प्रतिदिन देर रात शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालक पर की जा रही कार्यवाही के दौरान कल दिनांक 28 मार्च 2023 को रात 11:30 बजे धमधा रोड में चेकिंग के दौरान सीजी 10 सी 9157 मेटाडोर वाहन चालक के द्वारा 35 बारातियों को दुर्ग कैलाश नगर तितुरधिह से वापिस बेमेतरा ले जा रहा था धमधा नाका वाहन चेकिंग पॉइंट में उपस्थित सहायक उपनिरीक्षक राजकुमार दुबे, आरक्षक जागेंद्र साहू अविनाश निगम के द्वारा उक्त वाहन चालक द्वारा दूर से वाहन लहराते हुए चलाए जाने पर वाहन को रोका गया जिस पर वाहन चालक शराब का सेवन कर वाहन चलाते पाया गया जिसे ब्रेथ एनालाइजर मशीन से वाहन चालक को चेक करने पर अत्यधिक मात्रा में 519 एमजी अल्कोहल का सेवन किया पाया गया और वाहन चालक वाहन चलाने की स्थिति में नहीं पाया गया जिस पर यातायात पुलिस के अधिकारियों को द्वारा सूझबूझ दिखाते हुए बारातियों को दूसरे वाहन से वापस लड़की के घर भेजा गया और ड्राइवर और वाहन को दूसरे वाहन चालक से वापस घर भेजा गया।

रक्षा टीम ने ग्राम पुरई में खाकी की चौपाल लगाई

- **रक्षा टीम से एएसआई संगीता मिश्रा द्वारा ग्रामीण महिलाओं को अभिव्यक्ति ऐप के बारे में बताया**

दुर्ग/ नवप्रदेश। डॉक्टर अभिषेक पल्लव पुलिस अधीक्षक दुर्ग , श्री संजय ध्रुव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर), श्री अनंत साहू अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), श्रीमती मीता पवार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आईयूसीएडब्ल्यू के मार्गदर्शन में रक्षा टीम द्वारा ग्राम पुरई मैं खाकी की चौपाल लगाई गई।

एसडीओपी पाटन देवांश राठौर द्वारा ग्रामीण महिलाएं को महिला संबंधी अधिकार, टोनही प्रताड़ना अधिनियम, साइबर क्राइम की जानकारी दी गई वहीं महिलाओ ने अपनी समस्याएं बताइए जिनका निराकरण एसडीओपी पाटन सर द्वारा बताया गया एवं शासन के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया गया व ग्रामीण को यातायात नियमों का पालन करने, सीसीटीवी के महत्व के बारे में बताया गया!

रक्षा टीम से एएसआई संगीता मिश्रा द्वारा ग्रामीण महिलाओं को अभिव्यक्ति ऐप के बारे में बताया गया एवं उसका उपयोग कैसे करते हैं यह सिखाया गया एवं महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए अपने पास रखे हुए सामान से अपनी सुरक्षा कैसे कर सकते हैं यह बताया गया! थाना प्रभारी उतई मनोज प्रजापति द्वारा महत्वपूर्ण नंबर डायल 112, 1098 के संबंध में बताया गया इस दौरान थाना उतई स्टाफ ,पुरई सरपंच एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी आकर्षी ने स्पेन मास्टर टूर्नामेंट में हराकर किया बड़ा उलटफेर

दुर्ग। अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी दुर्ग की आकर्षी कश्यप वर्ल्ड रैंक 43 ने स्पेन मास्टर टूर्नामेंट 2023 मेड्रिड में आज मेन ड्रा के फर्स्ट राउंड में कनाडा की बैडमिंटन खिलाड़ी मिशेल ली वर्ल्ड रैंक 14 को तीन सेट में हरा कर बड़ा उलट फेर किया है। जहां आकर्षि कश्यप को कोई इस टूर्नामेंट में रैंक नहीं था वही मिशेल ली को इस टूर्नामेंट में 6वी रैंक थी।

मैच में पहला सेट 12-21 से गवाने के बाद आकर्षि ने जबरदस्त वापसी की और दूसरा और तीसरा सेट 21-15, 21-18 से 51 मिनट में जीत कर मैच को अपने नाम किया।

आंध्र उत्कल संघर्ष समिति ने ज्ञापन सौंपकर रेल सुविधा की मांग की

- **भिलाई के हृदय स्थल सुपेला में सेवन वंडर्स का हो रहा है कायाकल्प**

दुर्ग/ नवप्रदेश। दुर्ग से पलासा, बरहमपुर तक वया विजय नगरम नई ट्रेन चलाया जाने की मांग पर दुर्ग लोकसभा सांसद श्री विजय बघेल जी के सानिध्य में भारत शासन के केन्द्रीय रेलमंत्री श्री अश्वनी वैष्णव से नई दिल्ली रेल भवन में आंध्र उत्कल संघर्ष समिति के अध्यक्ष एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे रायपुर मंडल पूर्व रेल्वे सलाहकार समिति सदस्य के.उमाशंकर राव, ज्ञापन पत्र सौंप कर शीघ्र रेल सुविधा दिए जाने की मांग किए। आंध्र उत्कल संघर्ष समिति के अध्यक्ष व पूर्व रेल्वे सलाहकार समिति सदस्य के.उमाशंकर राव ने बताया कि उक्त मांग पर सांसद श्री विजय बघेल ने दो बार लोकसभा में पहल कर अपनी सहभागिता निभाई। इसके अलावा केन्द्रीय रेल मंत्री से मुलाकात कर शीघ्र नई ट्रेन को चलाया जाने पर बल दिया। केंद्रीय रेलमंत्री श्री अश्वनी वैष्णव जी ने शीघ्र परिशीलन कर समाधान करने की सहमति जताई। दुर्ग से पलासा, बरहमपुर तक वया विजय नगरम नई ट्रेन प्रारंभ किए जाने की पर लाखों आंध्र उत्कल वासियों तथा पर्यटकों को सुविधा उपलब्ध होगी।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की संभाग स्तरीय बैठक 31 मार्च को दुर्ग में

दुर्ग। भाजपा की पिछड़ा वर्ग मोर्चा की गांव-गांव चलो घर-घर चलो अभियान की तैयारी एवं संपादन हेतु संभाग स्तरीय बैठक दिनांक 31 मार्च दिन शुक्रवार को जिला भाजपा कार्यालय दुर्ग में प्रातः 11:00 बजे से आहूत की गई है। इस बैठक में दुर्ग संभाग के अंतर्गत आने वाले भाजपा के संगठनात्मक जिले दुर्ग, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में निवासरत पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश के पदाधिकारी, जिलों के जिलाध्यक्ष-महामंत्री व कोषाध्यक्ष एवं दुर्ग जिले के पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंडल अध्यक्ष-महामंत्री उपस्थित रहेंगे। इस बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं प्रदेश कार्यक्रम प्रभारी राकेश चंद्राकर, दुर्ग जिला पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रभारी अंबिका चंद्रवंशी उपस्थित रहेंगे।

बजट के फेर में अधूरा फंस सकता है अमृत सरोवर योजना

- **योजना अच्छी लेकिन बजट बहुत कम- हरेंद्र देव**

दुर्ग/ नवप्रदेश। केंद्र सरकार द्वारा जल संवर्धन, व भूमिगत जल स्रोतों को बनाए रखने के उद्देश्य को लेकर चलाए जा रहे हैं महत्वपूर्ण अभियान अमृत सरोवर में दुर्ग जिले के लगभग 50 से भी ज्यादा गांव में तालाबों में सौंदर्यीकरण का काम जारी है इसी कड़ी में ग्राम थनौद में सभापति हरेंद्र देव ने राजा तालाब में मनरेगा से किए जा रहे कार्यों व कार्यस्थल का जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान पाया कि योजना बहुत अच्छी है इससे भूजल स्रोतों का स्तर बना रहेगा लेकिन बजट में पर्याप्त राशि की कमी के कारण अमृत सरोवर को पूरी तरह से चमकाने में आड़े आ सकता है। 25 एकड़ में फैले राधा तालाब में मनरेगा, ग्राम निधि और क्षेत्र पंचायत के योगदान के बावजूद बजट कम होने से योजना सफल होने में शंका पैदा हो रही है। उन्होंने कहा कि जनपद के सामान्य सभा में इस मुद्दे को संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखेंगे ताकि ग्रामीण स्तर पर जल संवर्धन के कार्यों में कोई कमी ना आए। वैसे, 27 मार्च से ग्राम थनौद में मनरेगा के तहत कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है।

उधर सरोवर के सौंदर्यीकरण को लेकर लोग इंतजार कर रहे हैं। शासन द्वारा जल संरक्षण व प्राकृतिक छटा निखारने के उद्देश्य से ग्राम पंचायतों में 'अमृत सरोवर योजना' बनाई है। इसके तहत जनपद में तालाबों व पोखरों की खोदाई कर उसे अमृत सरोवर के रूप में विकसित किया जाना है। ग्राम पंचायतों में बनाए जा रहे अमृत सरोवर के निर्माण की गति लगभग दुर्ग ग्रामीण के सभी गांवों में शुरू हो चुका है। कहीं मिट्टी पटाई तो कहीं सीढ़ियों का निर्माण चल रहा है। अमृत सरोवर निर्माण में बजट के कारण बाधा होने पर थनौद के ग्रामीण एवम् प्रतिनिधि कार्य स्थल पर चर्चा में जनपद सभापति हरेंद्र देव, सरपंच प्रतिनिधि धन्नू गौतम, ग्रामीण सुशील जांगड़े, मधु यादव, तृप्ति चक्रधारी, मंजू देशमुख, योगिता देवांगन, कुमारी निषाद सहित अन्य उपस्थित रहे।

धरोहरों को सहेजने का कार्य शुरू

- **भिलाई के हृदय स्थल सुपेला में सेवन वंडर्स का हो रहा है कायाकल्प**

भिलाई/ नवप्रदेश। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत शहर के हृदय स्थल सुपेला में निर्मित सेवन वंडर्स का कायाकल्प हो रहा है। महापौर नीरज पाल खुद खड़े होकर इसकी मानिटरिंग कर रहे हैं। विगत 3 दिनों से महापौर इस स्थल के सौंदर्यीकरण को लेकर स्वयं मैदान पर उतर गए हैं। भिलाई में धरोहर को सहेजने का कार्य किया जा रहा है इसी कड़ी में सुपेला में निर्मित सेवन वंडर्स जो कि काफी दिनों से अपने मूल स्वरूप में तब्दील होने की राह देख रहा था, अब इस पर कार्य प्रारंभ हो गया है। सुपेला के इस स्थल से प्रतिदिन हजारों लोगों का आना-जाना होता है, इसलिए इसे संवारने का काम शीघ्रता से किया जा रहा है। सेवन वंडर्स स्थित परिसर के सौंदर्यीकरण कार्य में आर्टिस्टिक पेंटिंग, अलग-अलग आकर्षक लाइट, रेलिंग एवं ग्रिल, फुटपाथ निर्माण आदि पर काम किया जा रहा है। शीघ्र ही यह स्थल अपने भव्य स्वरूप में तब्दील होने वाला है, इसके बाद यह लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेगा। यहां से गुजरने वाले सभी को यह मनमोहक दृश्य का आनंद देगा, वही देश-विदेश के सात अजूबे को लोग एक स्थल पर ही देख पाएंगे। महापौर की मॉनिटरिंग के चलते इसका सौंदर्यीकरण का काम तीव्र गति पर है। विकास कार्यों को धरातल पर लाने के लिए महापौर स्वयं जुट गए है। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व ही महापौर एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने संयुक्त रूप से अधिकारियों के साथ इस स्थल का जायजा लिया था।

वीर सावरकर नगर विद्युत उपकेंद्र में 05 एमव्हीए का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर चार्ज

- **लगभग 4500 उपभोक्ता होंगे लाभान्वित**

दुर्ग/ नवप्रदेश। उपभोक्ताओं को पर्याप्त वोल्टेज के साथ सतत विद्युत सप्लाई देने हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र द्वारा शहर के 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेंद्र वीर सावरकर नगर में 05 एम.व्ही.ए. का एक अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर चार्ज किया गया है, जिससे उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले सुपेला जोन एवं भिलाई शहर जोन के उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति मिलेगी। साथ ही लो-वोल्टेज की समस्या से भी निजात मिलेगी। मुख्यमंत्री विद्युत अधोसरंचना विकास योजना के अंतर्गत संपादित इस कार्य को लगभग 82 लाख 76 हजार रुपए की लागत से पूर्ण किया गया है। श्री एम.जामुलकर ने बताया कि 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेंद्र वीर सावरकर नगर में अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर के लगने से आसपास के लगभग 4500 उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। श्री एस.के.मिश्रा एवं श्री बी.के.वर्मा तथा उनकी टीम की सराहना की। श्री जामुलकर ने उच्चदाब एवं निम्नदाब के समस्त बकायेदार उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि बिजली बिल का भुगतान अविलंब करें।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्‌घोषणा

प.नं. 202303100400628/ अ-2/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक खोमेश्वर साहू आ./पति विजय कुमार साहू निवासी करमतरा राजनांदगांव के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.नं. 17/7 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 815/14 रकबा 0.0167 हे0 1800 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वंय अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24/03/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की के साथ जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला क्रमांक 202303101000120

विषय-ब-121 मामले की श्रेणी-राजस्व सन-2022-23

कोहका प.ह.न. 00045 [(हे.)]

पक्षकारों का विवरण -

आवेदक पक्षकार - ए. आनंद,

अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

आवेदक ए. आनंद पिता/पति/विभाग- स्व. ए. राजरतनम पता सेक्टर 02 भिलाई ग्राम- कोहका प.ह.न. 45, रा.नि.म. कोहका, तहसील व् जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वमी हक की भूमि ख.न. 7101/3 रकबा 0.010 है. भूमि का मूल ऋण पुस्तिका गुम जाने के करण द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने बाबत न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 18/04/2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयवधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24/03/2023 को जारी किया जाता है।

सील

अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग

मामले की श्रेणी- राजस्व

संदर्भ- जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.न.00001 बोरई ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्र.क्र. आरडी 202223430106300011

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00001 के अंतर्गत ग्राम बोरई के वर्तमान भूमिस्वामी रतनलाल पिता/पति-परसराम पता- बोरई के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1895/1(0.6500) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती रश्मि नायक पिता/पति श्री संदीप नायक पता- बोरई, श्रीमती प्रीति नायक पिता/पति श्री सुदीप नायक पता-बोरई के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17/04/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता /आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/03/2023 को जारी किया जाता है।

सील

नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्‌घोषणा

प.नं.202303100400690 अ-2/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गणेश कृष्ण राव इंगोले अन्य 01 श्री/पति कृष्णा राव इंगोले निवासी सेक्टर 06 भिलाई के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.नं. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 303/31 रकबा 0.020 हे. 2460 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वंय अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा /आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28/03/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग

उद्‌घोषणा-पत्र

रा..प्र.क्र.अ-6/2020-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है। आवेदक गुरमीत सिंह विज पिता स्व. स्वर्ण सिंह विज निवासी ग्राम आशीष नगर पश्चिम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्तित भूमि खसरा नं. 457/18 रकबा 0.04 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार स्वर्ण सिंह विज की मृत्यु हो जाने पर फोती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था का किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह पेशी दिनांक 16/4/23 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.03.2023 को यह उद्‌घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

जारी दिनांक 20.03.2023

सुनवाई दिनांक 16.04.2023

सील

तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)

फोन नं. 0771-2436320

email ID: eocghbzone2@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि सामान्य आवास योजनान्तर्गत कचना फेस-1, रायपुर में स्थित फ्लैट क्र. - ई.डब्ल्यू. एस. - 76 /ब्लॉक - 07/ भू-तल, श्रीमती माधुरी असाटी पति श्री आनंद असाटी, को इस कार्यालय के नामांतरण आदेश क्र.- 11156 दिनांक 21.11.2017 के माध्यम से नामांतरित किया गया है। वर्तमान में नामांतरी श्रीमती माधुरी असाटी पति श्री आनंद असाटी, निवासी शंकर नगर, सेक्टर- 01, रायपुर, तह. व जिला - रायपुर (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा तथा अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त फ्लैट को क्रेता (1) श्रीमती रीना मिस्त्री पति श्री विकास मिस्त्री (2) श्री विकास मिस्त्री पिता श्री लखीकांत मिस्त्री, दोनों निवासी ई.डब्ल्यू. एस.-03, ब्लॉक- 03, हाउसिंग बोर्ड कालोनी कचना फेस-1, रायपुर, तह. व जिला - रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन, शपथ पत्र विक्रय इकरारनामा एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त फ्लैट के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल

संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र- 02, रायपुर

कार्यालय संपदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)

फोन नं. 0771-2436320

email ID: eocghbzone2@gmail.com

आम सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनान्तर्गत, खम्हारडीह, रायपुर में निर्मित एल.आई.जी फ्लैट क्र.-204/ब्लॉक-9/तृतीय तल, श्रीमती बीना जैन पति श्री पदम जैन के नाम पर इस कार्यालय के माध्यम से आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 24.11.2022 को हस्तांतरण विलेख (फ्री होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त फ्लैट को क्रेता श्रीमती बीना जैन पति श्री पदम जैन, निवासी-जैन ट्रेडर्स, सदर बाजार, बलौदाबाजार, तह.व जिला-बलौदाबाजार (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 03.01.2023 को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में क्रेता श्री निगम पिता श्री ऋषिपाल, द्वारा उक्त फ्लैट को फ्री होल्ड पश्चात अपने नाम पर मण्डल के अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त फ्लैट के फ्री होल्ड उपरांत नाम दर्ज के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी,

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,

संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र - 2, रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर

email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर डंगनिया रायपुर में निर्मित 100 एलआईजी-2 योजना के अंतर्गत भवनों/भूखंडों में से भूखंड/भवन क्रमांक एलआईजी-2/28, सेक्टर 02, 1. श्री राकेश शुक्ला पिता श्री व्ही.एन. शुक्ला 2. श्रीमती सुनीता शुक्ला पति श्री राकेश शुक्ला को भाड़ाक्रय/ स्ववित्तीय/ एकमुश्त/आफर आधार पर नामांतरित किया गया है। नामांतरी द्वारा दिनांक 26.08.2014 को विक्रय विलेख निष्पादित करा लिया गया।

नामांतर द्वारा उक्त भवन को विक्रय करने हेतु 09.03.2023 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखंड/भवन 1. श्रीमती मिथलेश शर्मा पति श्री मुरली मनोहर शर्मा 2. श्री मनीष शर्मा पिता श्री मुरली मनोहर शर्मा के संयुक्त नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखंड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी,

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,

संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01

कबीर नगर, रायपुर

न्यूज गैलरी

12वीं की व्यावसायिक पाठ्यक्रम परीक्षा सम्पन्न

बेमेतरा/नवप्रदेश। छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2023 में आज मंगलवार 28 मार्च 2023 को विषय व्यावसायिक पाठ्यक्रम की परीक्षा 20 केंद्रों में आयोजित हुई। कक्षा 12वी में कुल पंजीकृत 11403 विद्यार्थी है। आज दर्ज 1021 में 1004 प्रविष्ट एवं 17 अनुपस्थित रहें। जिला प्रशासन बेमेतरा द्वारा गठित निरीक्षण दल द्वारा परीक्षा केन्द्र का सघन निरीक्षण किया गया। भावेश सिंह द्वारा परीक्षा केन्द्र देवरबीजा, गाड़ाडीह, कन्या शाला साजा का, सुश्री अल्का शुल्का जिला प्रबंधक नागरीक विभाग द्वारा परीक्षा केन्द्र खण्डसरा का, श्रीमती बरखा कासु उप संचालक समाज कल्याण विभाग द्वारा परीक्षा केन्द्र कुंरा, नादघाट, टेमरी, जेवरा का, नायब तहसीलदार थानखम्हरिया द्वारा परीक्षा केन्द्र सेजेस थानखम्हरिया का निरीक्षण किया गया। परीक्षा शांति पूर्ण से सम्पन्न हुआ। केन्द्राध्यक्षों से प्राप्त जानकारी के अनुसार नकल प्रकरण निरंक रहा जिले में हायर सेकेण्डरी परीक्षा सम्पन्न हो गई है।

मुख्यमंत्री ने 10 महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क का किया वर्चुअल शुभारंभ

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिला मुंगेली के एक कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से प्रदेश में महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क का लोकार्पण किया। जिसमें बालोद जिले के 10 ग्रामीण औद्योगिक पार्क भी शामिल हैं। जिले में ग्रामीण युवाओं एवं महिला समूहों में उद्यमिता के विकास हेतु बालोद विकासखंड के ग्राम बरही और करकाभाट, गुरुर विकासखंड के ग्राम छेड़िया और भोथली, डौंडीलोहारा विकासखंड के ग्राम मार्री और नंगुटोला, डौंडी विकासखंड के ग्राम गुदुम और अरमुरकसा, गुंडरदेही विकासखंड के ग्राम गब्दी और कांदुल में मल्टी एक्टिविटी सेंटर स्थापित किया गया है। सम्मेलन में विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत, कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रूद्र कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

राज्य सरकार द्वारा महिलाओं को आगे बढ़ाने किया जा रहा हरसंभव प्रयास : विधायक छाबड़ा

बेमेतरा/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास जिला बेमेतरा के तत्वधान में आयोजित जिला स्तरीय महिला जागृति शिविर में मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र में माल्यार्पण कर कार्यक्रम शुभारम्भ किए। इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि जागृति शिविर का उद्देश्य महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, प्रावधानों के प्रति जागृत करना, विभिन्न सामाजिक कुप्रथाओं के विरूद्ध महिलाओं को जागृत व संगठित करना तथा विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करन, महिलाओं की प्रगति के लिए अच्छी है, शिक्षा और आर्थिक स्थिति का मजबूत होना जरूरी हैं। राज्य सरकार द्वारा महिलाओ को आगे बढ़ाने हरसंभव प्रयास किया जा रहा हैं, इसके लिए महिलाओ को रोजगार दिलाने ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, गौठान के माध्यम से महिलाओं को रोजगार मिल रहा हैं। गौठान के वर्मि कपोस्ट, पेंट बनाने और साग सब्जी उगाकर महिलाओ को स्वावलंबी बनाया जा रहा हैं, इससे निश्चित रूप से महिलाए अब आर्थिक रूप से सक्षम होकर अपना जीवनस्तर ऊंचा उठाएगी, रीपा के माध्यम से भी ग्रामीण महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराकर आजीविका मूलक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा हैं।

अवैध शराब के साथ पांच आरोपी गिरफ्तार

कवर्धा नवप्रदेश। मुखबीर की सुचना पर आबकारी एक्ट धारा 34(2) के अतर्गत घटना ग्राम ब्राम्हनटोला के आगे मेन रोड मंदिर के पास आरोपी 1.प्रमोद कुमार रात्रे पिता गंगाप्रसाद रात्रे उम्र 25 साल साकिन भण्डारपुर थाना स0 लोहारा के कब्जे से 65 पौवा देशी प्लेन शराब 11.7000 बल्क लीटर किमती 5200 रूपये एक मोटर सायकल क्रमांक CG07LX5420 किमती 25000 रूपये को किया गया जप्त एंव आबकारी एक्ट धारा 34(2) के अतर्गत दुसरे प्रकरण मे शांतिनगर स0 लोहारा पुल के पास 2. भगवान दास कोसले पिता फागु कोसले उम्र 46 साल साकिन उडिया थाना स0 लोहारा के कब्जे से 40 पौवा देशी प्लेन शराब कुल बल्क लीटर 7.200 किमती 3200 रूपये को किया गया जप्त एंव आबकारी एक्ट धारा 34(1) ख के अतर्गत ईरीमकसा मोड चौक के पास आरोपी किशन रात्रे पिता राम्हु रात्रे उम्र 30 साल साकिन सबराटोला थाना स0 लोहारा के कब्जे से 21 पौवा देशी प्लेन शराब किमती 1780 रूपये को किया गया जप्त एंव आबकारी एक्ट धारा 34(1)ख के अतर्गत 4.बादल जांगडे पिता सतोष जांगडे उम्र 20 साल साकिन उडिया कला के कब्जे से 20 पौवा देशी प्लेन शराब किमती 1600 रूपये को किया गया जप्त एंव आबकारी एक्ट धारा 36(सी) के अतर्गत आरोपी पीताम्बर पिता हीरालाल गेड्रे उम्र 55 साल साकिन सबराटोला एंव शिवकुमार टण्डन पिता पंचु टण्डन उम्र 34 साल साकिन साकिन उडिया कला थाना स0 लोहारा के विरूध्द की कार्यवाही।

विप्र समाज कार्यकारिणी की हुई बैठक

कवर्धा/नवप्रदेश। विप्र समाज कार्यकारणी की आवश्यक बैठक सचिव टी आर तिवारी की अध्यक्षता में रखी गई जिसमें 22अप्रेल 23 अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर भगवान परशुराम जी के अवतरण दिवस पर विप्रभवन में पूजा- अर्चना कर मां महामाया मंदिर कवर्धा से शोभायात्रा निकालने तथा उपनयन संस्कार कार्यक्रम आयोजित करने एवं वेदनारायण तिवारी जी को उपाध्यक्ष नियुक्त करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है उक्त अवसर पर सचिव टी आर तिवारी,प्रभाकर शुक्ला, बीपी पान्डे, बसंत कुमार शर्मा, सुरेश शर्मा, सिद्धू तिवारी, नंद कुमार शर्मा, दिलीप तिवारी ,कीर्तिदत्त तिवारी, वेद नारायण तिवारी ,राम कुमार शर्मा प्रमोद शुक्ला ,राजेश पान्डे, भावेश मिश्रा, डॉ. आनंद मिश्रा, बिन्नू तिवारी, आनंद मिश्रा, रविन्द्र शुक्ला के साथ साथ बड़ी संख्या में विप्र समाज के सदस्य उपस्थित थे।

आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए अमृत सरोवर के कार्य में तेजी लाने दिए निर्देश

■ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण में किसी प्रकार की कोताही न बरतें : कलेक्टर

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा ने मंगलवार को जिला कार्यालय के दिशा-सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय अधिकारियों से लंबित आवेदनों की समीक्षा की। बैठक में सर्वप्रथम कलेक्टर ने जनचौपाल में प्राप्त आवेदनों को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखकर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

जिलाधीश ने 01 अप्रैल से शिक्षित बेरोजगार युवाओं को मिलने वाले बेरोजगारी भत्ता के सम्बन्ध में जानकारी ली और कहा की विकासखण्डवार और ग्राम में सर्वे के लिए बनाये गए नोडल अधिकारी प्राप्त आवेदनों के सत्यापन कार्यवाही की रूपरेखा बनाएं। जिलाधीश ने सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के सम्बन्ध में चर्चा करते हुए कहा कि जिले में विकासखंड स्तर पर समन्वय क्रियान्वयन, पर्यवेक्षण एवं संचालन के लिए प्रगणकों की ड्यूटी लगाई गई हैं। संबंधित नोडल अधिकारी इस काम को अपने मूल कर्तव्य के समान समझकर करें। इसके लिए मास्टर ट्रेनरों तथा प्रगणक दलों को सर्वेक्षण के दौरान विशेष सावधानी बरतते हुए गुणवत्तापूर्वक सर्वेक्षण पर बल देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री के घोषणा के अनुरूप साजा में मंडी शेड के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने को कहा और ग्रीन प्लाजा मंडी की वित्तीय स्वीकृति की जानकारी ली।

कलेक्टर श्री एल्मा ने वन विभाग एवं संबंधित अधिकारिओं को मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना के तहत जिले में वृक्षारोपण के लिए पंजीकृत किसानों की संख्या एवं लगाए गए वृक्ष के लिए रकबा की जानकारी ली और कहा कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में वाणिज्यिक वृक्षारोपण को बढ़ावा देकर किसानों की आय में वृद्धि करने के लिए शुरू की गई है, इससे बेमेतरा जिले में वनों के संरक्षण-संवर्धन तथा हरियाली के प्रचार-प्रसार के लिए एक और महत्वपूर्ण योजना साबित होगी। उन्होंने सहायक संचालक कृषि से राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत जिले में चौथी किस्त की जारी राशि के संबंध में जानकारी ली और उर्वरक का सत्यापन संबंधित अधिकारीयों को करने को कहा। पशुधन विकास विभाग को आवारा घूमते हुए मवेशीयो को रास्तों से हटाकर उनके लिए बनाये गए हाउस स्थल में रखने को कहा और टीकाकरण की जानकारी ली।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग से आयुष्मान भारत योजना के धीमी प्रगति पर आपत्ति जताई और कहा की सभी सीएससी और पीएससी केंद्र में शिविर लगाकर कार्य में तेज़ी लाने को कहा, उन्होंने जिला अस्पताल में मरीजों के लिए आवश्यक दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली साथ ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वाथ्य अधिकारी को चिकित्सालयीन व्यवस्था में सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य से संबंधित योजनाओं को प्रचार प्रसार करने को कहा ताकि जिले के नागरिक योजना का लाभ ले सकें। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारी को जिले के ग्राम पंचायतों की जर्जर सड़कों को प्राथमिकता से लेते हुए समय पर सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्य पूर्ण करने को कहा। उन्होंनें लोक निर्माण विभाग को सभी निर्माण कार्य एवं निर्माणाधीन कार्यो के जांच के उपरांत ही संबंधित निर्माण एजेन्सी को राशि का भुगतान करनें के निर्देश दिए और मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरुप जिले में भवन निर्माण के बारे में जानकारी ली और समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। स्वामी विवेकानंद इंडोर स्टेडियम बेमेतरा में पानी सीपेज को ठीक करने को कहा एवं स्टेडियम भवन में मैदान को समतल करने एवं लाइट व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा।

हर गरीब व जरूरतमंदों को योजनाओं का मिलेगा लाभ : चौबे

साजा/नवप्रदेश। नगर पंचायत साजा में आज मंगलवार को अधोसंरचना मद के तहत स्वीकृत 3 करोड़ के कार्यो का भूमिपूजन व प्रधानमंत्री आवास निर्माण योजना के तहत भवन निर्माण के अनुज्ञा का वितरण का कार्यक्रम डॉ बीआर अम्बेडकर मांगलिक भवन में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कृषि व पंचायत मंत्री रविंद्र चौबे की उपस्थिति में विधायक प्रतिनिधि मनोज जायसवाल व नगर पंचायत अध्यक्ष शालिनी मनोज जायसवाल द्वारा पुरे विधी विधान से पूजा अर्चना करते हुए 3 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन किया गया। वहीं मंत्री श्री चौबे द्वारा निकाय मद से खरीदे गए 5 ई रिक्शा व 2 पानी टैंकर का भी श्रीगणेश किया गया। साथ ही नगर क्षेत्र के हितग्राहीयों के स्वीकृत 121 प्रधानमंत्री आवास निर्माण योजना के तहत भवन निर्माण के अनुज्ञा व 7 भवन पूर्णता प्रमाण पत्र का वितरण भी नगर पंचायत अध्यक्ष व पार्षदों के माध्यम से कराया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री श्री चौबे ने कहा कि नगर सहित क्षेत्र व पूरे प्रदेश में विकास की बयार बह रही हैं, विकास के कार्यो में कोई समझौता नहीं होगा। साजा में जनपद पंचायत, अनुविभागी, तहसील, थाना, शिक्षा, अस्पताल, स्कूल, कालेज तो था ही, अब कोर्ट, स्वामी आत्मानंद स्कूल, छात्रावास, मातृ शिशु अस्पताल, 100 बिस्तर अस्पताल, स्कूल भवन, शासकीय कार्यालयों व भवनों का सौंदर्यीकरण व नविनिकरण सहित सभी समाजों के लिए भवनों, मांगलिक भवन आदि सब कुछ किया जा रहा हैं। आने वाले दिनों में साजा का अलग ही तस्वीर लोगों को देखने को मिलेंगी। हर गरीब व जरूरतमंदों को आवास सहित सभी योजनाओं का लाभ मिलेंगा, जिसको दिलाना हम सभी की जिम्मेदारी हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शालिनी मनोज जायसवाल ने की, वहीं विशिष्ट अतिथियों में ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष संतोष वर्मा, जनपद पंचायत साजा अध्यक्ष दिनेश वर्मा, नपं उपाध्यक्ष युगेश्वर सोनी, सभापति श्रीमती खेमेश्वरी साहू, सभापति अवधेश गोयल, सभापति राजेश ठाकुर, सभापति श्रीमती पुष्पा सिन्हा उपस्थित रहें। आयोजन में स्वागत भाषण नपं अध्यक्ष शालिनी जायसवाल व विधायक प्रतिनिधि मनोज जायसवाल द्वारा दिया गया।

1 अप्रैल से सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य होगा प्रारंभ

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले में 01 अप्रैल से सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ होगा। इस हेतु विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी सुपरवाईजर एवं प्रगणक के रूप में लगाई गई है। इसके लिए टीमें घर-घर जाकर सर्वे का काम करेगी और डाटा एकत्र करेगी। उक्त सर्वेक्षण मूल रूप से एप्प बेस्ड होगा तथा समानांतर रूप से प्रपत्र में सर्वेक्षित परिवार की जानकारी भरकर हार्डकापी के रूप में सुरक्षित रखा जायेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत परिवारों का सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 01 अप्रैल से 30 अप्रैल के मध्य किया जायेगा। कलेक्टर श्री प्रभात मलिक ने आज समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को सामाजिक, आर्थिक सर्वेक्षण कार्य की सभी तैयारियां पूर्ण कर लेने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी विभागीय समन्वय के साथ बेहतर कार्य करें। विभागीय लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी लोक सेवा गांरटी के प्रकरण समस-सीमा में निराकृत करना सुनिश्चित करे।

कलश यात्रा में आकर्षक झांकी रहेगी आकर्षण का केंद्र

■ कलश यात्रा को भव्य बनाने किया जा रहा समितियों का गठन

महासमुंद/नवप्रदेश। मारुती महायज्ञ आयोजन समिति महासमुंद के तत्वावधान में आगामी 6 अप्रैल को श्री हनुमान जी के जन्म उत्सव के अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा में भगवान श्रीराम व हनुमान जी की आकर्षक झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगी। वहीं दुर्गा वाहिनी की बहनों द्वारा शौर्य प्रदर्शन किया जाएगा। कलश यात्रा को सफल बनाने समितियों का गठन भी किया जा रहा है।

सोमवार की शाम दादाबाड़ा में संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर की उपस्थिति में श्री मारुती महायज्ञ आयोजन समिति महासमुंद की बैठक हुई। जिसमें उपस्थितजनों ने आयोजन को लेकर अपने विचार रखे। कलश यात्रा को सफल बनाने शहर के साथ ही आसपास के गांवों में वृहद रूप से प्रचार-प्रसार करने पर जोर दिया गया। बैठक में बताया गया कि कलश जल यात्रा में महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। इसके लिए शहर के वार्डो व गांवों में आमंत्रण दिया जा रहा है। कलश यात्रा में भगवान श्रीराम, हनुमान जी व भगवान शिव जी की आकर्षक झांकी रहेगी। इस दौरान जहां धुमाल एवं ज़बरदस्त लाइट डेकोरेशन रहेगा वहीं राउत नाचा की झलक भी श्रद्धालुओं को देखने मिलेगी। श्री मारुती महायज्ञ के समापन के दिन विश्राम यात्रा निकाली जाएगी। संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने इस आयोजन में लोगों को बढ़चढ़कर हिस्सा लेने का आव्हान किया। बैठक में प्रमुख रूप से संजय शर्मा, बाबूलाल साहू, दिलीप जैन, राजेश नायक, चंद्रहास चंद्राकर, मूलचंद लड्ढा, वीरेंद्र चंद्राकर, नुकेश चंद्राकर, प्रमोद तिवारी, चमन चंद्राकर, पारस चोपड़ा, अजय थवाईत, अजय कुमार विश्वास, समीर चौधरी, रेखराज शर्मा, विष्णु चंद्राकर, राजू यादव, राजेश नायक, हितेंद्र तिवारी, आर सागर, कुबेर गिरी गोस्वामी, सुरेंद्र मानिकपुरी, टेकराम सेन, योगेश चंद्राकर, आनंद साहू, बंटी सिंग, डीआर साहू, कमलेश ध्रुव, मगन चंद्राकर, मोहनलाल सोनी, मंगलू ढीमर, मृत्युंजय बोस, विपिन बिहारी महंती, गौरव जानी चंद्राकर, भरत ठाकुर, नरेन्द्र चंद्राकर, अखिलेश लूनिया, अग्रज शर्मा, विक्रम ठाकुर, कामिनी चंद्राकर, जागेश्वर चंद्राकर, महेंद्र सिका, अनुपम त्रिपाठी, गिरीश कुमार बोस, हुलासगिरी गोस्वामी, अजय कुमार विश्वास, निरंजना शर्मा, तारिणी चंद्राकर, दिलीप चंद्राकर, प्रशांत श्रीवास्तव, चंद्राकर, भाव सिंह नेताम, रामगोपाल तिवारी, बलराम ध्रुव आदि मौजूद रहे।

कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

■ जनचौपाल में मिले 45 आवेदन

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला कार्यालय गरियाबंद में प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को आयोजित जनचौपाल में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से आये 45 लोगों ने अपनी समस्या संबंधी आवेदन प्रस्तुत किये। कलेक्टर श्री प्रभात मलिक ने लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने मौके पर ही आवेदकों की समस्या संबंधी आवेदन को संबंधित विभाग के अधिकारियों से इसके निराकरण के संबंध में विभाग द्वारा की गई पहल की जानकारी ली। साथ ही आवेदकों को उनकी समस्या का शीघ्र निराकरण का भरोसा दिलाया। जनचौपाल में ग्राम चैतरा के छत्तर टंडन ने बकरी पालन हेतु सहायता राशि, ग्राम नागाबुड़ा की विभा गिडियन ने आर्थिक सहायता राशि, ग्राम खट्टी के दसरी बाई साहू ने पीएम सम्मान निधि की राशि के संबंध में, ग्राम खम्हारीपारा के देवराम ने निर्माण कार्य में रोक हटाने, ग्राम रवेली के गीता राम व ग्राम गोंदलाबाहरा के हरिराम ने वन पट्टा, ग्राम आमदी द की पुष्पा दीवान ने विधवा पेंशन, ग्राम सहसपुर के इन्द्रजीत धनगढ़ ने असंगठित कर्मकार प्रसूति सहायता योजना के संबंध में, गरियाबंद के पार्षद वंशगोपाल सिन्हा ने वार्ड क्रमांक 8 से 15 के मध्य शासकीय उचित मूल्य दुकान खुलवाने, फिंगेश्वर के तिजऊराम रात्रे प्रधानमंत्री आवास हेतु, ग्राम खट्टी की कुंती बाई ने जमीन की पट्टा बनवाने, ग्राम जिडार के दिलीप कुमार ने अनुकंपा नियुक्ति और ग्राम चैतरा के लक्ष्वंतिन ने सीमांकन कराने जैसे विभिन्न आवेदन प्रस्तुत किया। जनचौपाल में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव, अपर कलेक्टर श्री अविनाश भोई, एसडीएम राजिम सुश्री पूजा बंसल, देवभोग एस.डी.एम अर्पिता पाठक डिप्टी कलेक्टर सुश्री चांदनी कंवर सहित समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

अमेरिका में अध्ययनरत छात्र तनिष्क ने दी साइबर सुरक्षा की जानकारी

नवागढ़/नवप्रदेश। कैलिफोर्निया अमेरिका में अध्ययनरत छात्र तनिष्क द्विवेदी ने सोमवार को गुरुकुल विद्यालय नवागढ़ के छात्र एवं शिक्षकों से वेब सेमिनार के द्वारा जुड़कर साइबर सुरक्षा की विस्तृत जानकारी दी। कक्षा 11 वीं में अध्ययनरत कैलिफोर्निया के छात्र तनिष्क द्विवेदी ने बच्चों को साइबर सुरक्षा के बारे में बताया कि किस प्रकार अकाउंट हैक किए जाते हैं और किस प्रकार पैसे आदि की फ्राड की जाती है और इस प्रकार के साइबर अपराध में हमारी खुद की क्या गलती होती है जिसके कारण धोखा किया जाता है ।

हम उनके शिकार हो जाते हैं हमें सब व्यक्तिगत जानकारी सोशल मीडिया में प्रसारित नहीं करना चाहिए। कुछ चीजों को गोपनीय रखना चाहिए ।हम वर्तमान में लाइक्स और कमेंट्स गिनने के उत्साह में अपनी सभी जानकारियां और छोटी-छोटी जानकारियां भी सोशल मीडिया में प्रसारित कर देते हैं जिसका फायदा साईबर अपराधी लोग उठाते हैं और इसी कारण हम उनके शिकार बन जाते हैं हमें सदैव मोबाइल कंप्यूटर सोशल मीडिया आदि में सतर्कता पूर्वक अपनी जानकारी किसी अन्य के साथ साझा करना चाहिए । तनिष्क ने बच्चों को बताया कि आजकल के बच्चे मोबाइल कंप्यूटर आदि का उपयोग असावधानी पूर्वक और लापरवाही से करते हैं जोकि साइबर अपराधियों के लिए सुविधाजनक होता है । इसी को देख कर वह अपने जाल में किसी को भी फंसा लेते हैं और हमारा नुकसान करते हैं । हमें हमेशा ऐसे चीजों के लिए सचेत रहने की जरूरत है 1 घंटे के इस सेमिनार में तनिष्क के बातों से बच्चे बहुत प्रभावित हुए और अब सदा सचेत रहने की प्रणाली नवागढ़ के सॉफ्टवेयर इंजीनियर भुनेश्वर निर्मलकर इस कार्यक्रम में पूरे समय तनिष्क और छात्रों के बीच एक एक मध्यस्थ का रूप निभा कर इस सेमिनार को सहज और सरल बनाया।

261 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित

कवर्धा/नवप्रदेश। मां सतबहिनियां मंदिर पिपरिया में वासन्ती नवरात्रि के पावन पर्व पर श्रद्धालुओ के द्वारा 261 मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्जवलित कराया गया है प्रथम दिवस से हीं दर्शन करने लोग पहुँच रहे हैं मुख्य पुजारी इंद्र कुमार केशरी से मिली जानकारी के अनुसार 29मार्च 23 दिन बुधवार को महाष्टमी पर्व पर पूजन -हवन का कार्यकम सम्पन्न होगा । दुसरे दिवस 30 मार्च 23 दिन गुरुवार को श्री रामनवमी के पावन पर्व पर श्रीराम- जानकी बड़े मंदिर से बाजे गाजे के साथ भगवान श्री राम-लक्ष्मण एवं भक्त हनुमानजी की शोभायात्रा निकाली जाएगी जो कि नगर के प्रमुख मार्ग से होते हुए माँ सतबहिनियाँ मंदिर पहुचेगी तत्पश्चात ज्योति जंवारा का विसर्जन किया जायेगा।उक्त अवसर पर मंदिर में सेवा देने वाले इंद्र कुमार केशरी, पूरन केशरी, संदीप केशरी, नागेश्वर केशरी, प्रवीण केशरी, होरी जायसवाल ,रामफल पटेल, मोतीराम चन्द्रवंशी, नरेश चन्द्रवंशी, प्रमोद साहू लोरिक यादव(मड़मड़ा) पुरन साहू है।

भारतीय मजदूर संघ खदान ने मुख्य महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। राजहरा खदान समूह आर बी गहरवार से मिलकर राजहरा खदान समूह के राजहरा यंत्रीकृत खदान में माइंस एक्ट 1952 के सेक्शन 2(ए) (ii) एवं केंद्र सरकार के गैजेट नोटिफिकेशन (असाधारण) दिनांक 19 जनवरी 2017 के स्पष्टीकरण क्रमांक एफ(ii) एंड (iii) और केंद्र सरकार द्वारा दिनांक 10 अगस्त 2021 को प्रकाशित असाधारण गैजेट के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन एवं उनके अनुपालन हेतु ज्ञापन सौंपा प्रतिनिधिमंडल में शामिल भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री मुश्ताक अहमद और खदान मजदूर संघ भिलाई संबद्ध भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष एम पी सिंग ने बताया कि केंद्र सरकार के इस्पात मंत्रालय के अधीनस्थ कार्यरत महारत्न कंपनी सेल के ईकाई राजहरा माईस में केन्द्र सरकार द्वारा बनाए नियम कानून का पालन नहीं हो रहा है और ईसकी खुलेआम अवहेलना की जा रही है। यह बात स्पष्ट है ऐसे खदान जो सुपरजेसेन्ट लेवल से नीचे चला गया है अथवा कोई भी ओपन कास्ट खदान जिसके सबसे ऊंचे और सबसे निचले लेवल का अंतर 06 मीटर से ज्यादा हो उसमें कार्यरत श्रमिकों को बिलो ग्राउंड श्रमिकों की श्रेणी का माना जावेगा। वर्तमान में राजहरा यंत्रीकृत खदान में ठेका श्रमिक दोनों शर्तो को पूरा करते हुए सेल की प्रगति में अपना अमूल्य योगदान दे रहे हैं।

संघ ने मुख्य महाप्रबंधक खदान का ध्यान माइन्स एक्ट 1952 के सेक्शन 2 (a) (ii) एवं केंद्र सरकार के गैजेट नोटिफिकेशन (असाधारण) दिनांक 19 जनवरी 2017 के स्पष्टीकरण क्रमांक एफ(ii) × (iii) में उल्लेखित उन प्रावधानों की तरफ आकृष्ट किया है। जिनके अनुसार राजहरा यंत्रीकृत खदान में कार्यरत ठेका श्रमिक बिलो ग्राउंड वर्कर्स की श्रेणी में आते हैं और केंद्र सरकार के बनाये नियमानुसार वे सभी श्रमिक बिलो ग्राउंड हेतु केंद्र सरकार द्वारा तय किये गए न्यूनतम वेतन पाने के हकदार हैं।

इसके अलावा संघ केंद्र सरकार के द्वारा दिनांक 10 अगस्त 2021 को प्रकाशित उस असाधारण गैजेट के प्रावधानों की तरफ प्रबंधन का ध्यान आकृष्ट किया है जिसके अनुसार ओवर बर्डन हटाने के कार्य में लगे श्रमिकों को कोल माइंस में गठित हाई पावर कमिटी द्वारा अनुशंषित न्यूनतम वेतन दिया जाने की बात का स्पष्ट उल्लेख किया गया है।

नेता द्वय ने बताया कि ठेके का नाम बदल कर वही कार्य कराने से प्रबंधन दिनांक 10 अगस्त 2021 को केंद्र सरकार द्वारा प्रकाशित असाधारण गैजेट के प्रावधानों से बच नहीं सकता है और राजहरा खदानसमूह प्रबंधन का उक्त कृत्य यह दर्शाता है कि महारत्न सेल की इकाई भिलाई इस्पात संयंत्र एवं खदान प्रबंधन स्वयं श्रमिकों के शोषण में लगा हुआ है। ईस ज्ञापन के माध्यम से संघ प्रबंधन से यह मांग करता है कि तत्काल प्रभाव से राजहरा यंत्रीकृत खदान में कार्यरत सभी ठेका श्रमिकों को केंद्र सरकार द्वारा बिलो ग्राउंड हेतु तय किये गए न्यूनतम वेतन का भुगतान एरियर्स सहित किया जावे या फिर केंद्र सरकार द्वारा दिनांक 10 अगस्त 2021 को प्रकाशित गैजेट के मुताबिक कोल माइंस में गठित हाई पावर कमिटी के द्वारा अनुशंषित न्यूनतम वेतन का भुगतान एरियर्स सहित किया जावे।

न्यूज गैलरी

तरेंगा में पूजा थाली सजाओ प्रतियोगिता

भाटापारा/नवप्रदेश। सेवा सुगन्धम सामाजिक जनकल्याण समिति के

संस्थापक टिकेंद्र उपाध्याय द्वारा महामाया मंदिर प्रांगण तरेगा में बालिकाओं के लिए पूजा थाली सजाओ प्रतियोगिता एवं महाआरती का आयोजन रखा गया । जिसमे सैकड़ों की संख्या में महिलाएं एवम बालिकाओ ने अपने अपने घरों से पूजा थाली सजाकर मंदिर प्रांगण में उपस्थित होकर महाआरती में सम्मिलित हुए । सेवा सुगन्धम के द्वारा पूजा थाली सजाओ प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों का सम्मान करते हुए मुख्य अतिथि द्वारा सभी को पुरस्कार दिया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक शिवरतन शर्मा विशेष अतिथि के रूप में सुनील यदु, योगेश अनंत, सतीश सोनी, सुरेश वर्मा, उपस्थित थे । प्रथम पुरस्कार कु.पूजा चक्रधारी, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम पुरस्कार के अलावा सभी पूजा थाली सजाओ प्रतिभागियों को मां दुर्गा जी की मेडल और चुनरी ओढ़ाकर सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में भक्तजन उपस्थित थे ।

पुलिस ने 20 पौवा शराब किया जब्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस चौकी देवरबीजा थाना बेमेतरा में 25 मार्च को अवैध शराब रखना व बिक्री का 1 प्रकरण दर्ज कर 1 आरोपी सोहन निषाद पिता रामभरोसा निषाद उम्र 29 साल साकिन सावंतपुर पुलिस चौकी देवरबीजा के विरूद्ध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं। कुल जप्त शराब 20 पौवा देशी प्लेन/अंग्रेजी शराब कीमती 2200 रूपये, बिक्री रकम 610 रूपये, कुल जुमला 2810 रूपये जप्त किया गया।

आपकी समस्या सुलझाने आएगा 'निगम प्रशासन आपके द्वार'

धमतरी/नवप्रदेश। शहरी विकास से जुड़ी समस्याओं के निराकरण के लिए लोगों को अब सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने होंगे। दरअसल, अब निगम के अफसर अब खुद अलग-अलग इलाकों में जाकर लोगों की समस्याएं सुलझाने कवायद शुरू कर दी है। इसके लिए निगम प्रशासन ने 'निगम प्रशासन आपके द्वार' योजना शुरू की है। इस क्रम में आयुक्त विनय कुमार पोयाम ने आदेश जारी कर निगम के अधिकारी, कर्मचारियों को जवाबदारी सौंपी है, जिसके तहत 31 मार्च शुक्रवार सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक निगम प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम नागदेव मंदिर चौक में 5 वार्ड के लिए शिविर आयोजित करने जा रही, जिसमें मुख्य तौर पर महापौर विजय देवांगन आयुक्त विनय पोयाम एवं संबंधित वार्ड पार्षद की उपस्थित में आम नागरिकों के जनसमस्याओं जैसे जलप्रदाय व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, सफाई कार्य, मरम्मत एवं संधारण कार्य इत्यादि सुगमता से उपलब्ध कराए जाने वाली समस्याओं की सुनवाई की जाएगी।

कुर्मी क्षत्रिय समाज ने की महाप्रसादी

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ गहवई कुर्मि क्षत्रिय समाज के द्वारा चैत्र नवरात्रि के सप्तमी दिवस में मांवली माता मंदिर (सिंगारपुर) की पूजा-अर्चना कर समाज की प्रगति सुख-शांति की कामना करते हुए प्रतिवर्ष कि भांति इस वर्ष भी समाज द्वारा महाप्रसादी वितरण कार्यक्रम रखा गया।मीडिया प्रभारी सुरेश कुमार वर्मा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया की इस अवसर पर समाज के केंद्रीय अध्यक्ष उतरा कुमार वर्मा, संगठन मंत्री देवचरण वर्मा, राजप्रधान मोतीलाल वर्मा,दीपक कौशिक,खुमान वर्मा,रामचंद्र वर्मा,दिनेश वर्मा, मनोज वर्मा,पिलाराम वर्मा,हिमित वर्मा, ऋषि वर्मा,जितेंद्र वर्मा, के साथ-साथ समाज के प्रमुखजनों ने सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। सफल बनाने के लिए सदैव समाज के प्रति समर्पित भाव से काम करने के लिए आग्रह भी किया।

अवैध प्लाटिंग के लिए सैंकड़ों पेड़ों की दी बलि

■ **प्रतिबंध होने के बाद भी अर्जुन की पेड़ों पर चलाई आरी**

धमतरी/नवप्रदेश। अवैध प्लाटिंग के लिए सैंकड़ों हरे-भरे पेड़ों की बलि दे दी गई है। सबकुछ प्रशासन की नाक के नीचे हो रहा है लेकिन न तो वन विभाग कोई कार्रवाई कर रहा है और न ही राजस्व विभाग। यही स्थिति रही तो कभी हरे-भरे जंगलों से घिरा हमारा धमतरी कांक्रीट का जंगल बनकर रह जाएगा।

धमतरी शहर से लगातार हरियाली गायब हो रही है। इसके साथ ही प्रदूषण की मात्रा भी बढ़ रही है। लगातार पेड़ों की कटाई से धमतरी का पर्यावरण काफी प्रभावित हो रहा है। ताजा मामला रूद्री में कलेक्ट्रेट निवास के सामने वैभव नगर का है, जहां पर जिले का सबसे बड़ी अवैध प्लाटिंग तैयार हो रही है। इस प्लाटिंग के लिए सैंकड़ों हरे-भरे पेड़ों को धराशायी कर दिया गया है। इन पेड़ों में अधिकांश पेड़ तो अर्जुन(कौव्हा) के हैं, जिनकी कटाई प्रतिबंधित है। इसके बाद भी भू माफिया द्वारा धड़ल्ले से कटाई की जा रही है। अभी भी यहां पर कई पेड़ खड़े हैं, जिन्हें धीरे-धीरे कांटा जा रहा है। विडंबना यह है कि इसकी जानकारी जनप्रतिनिधियों से लेकर जिला प्रशासन के आला अधिकारियों को भी है। पेड़ों की अवैध कटाई के बाद अवैध प्लाटिंग पर उनकी चुप्पी से उनकी कार्यशैली संदेह के घेरे में है।

सिर्फ दिखावे की कार्रवाई

अवैध प्लाटिंग की जानकारी पूरे शहरवासियों को है। ऐसे में नगर निवेश, निगम और जिला प्रशासन का इस मामले में बेखबर रहना बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है। शहरवासी पुरूषोत्तम सिन्हा, आकाश साहू का कहना है कि नगर निगम द्वारा दिखावे के लिए छोटी-छोटी प्लाटिंग और निर्माण पर कार्रवाई की जाती है। इस मामले में भू-माफिया से जुड़े दिग्गजों का हाथ है, जिस पर जिमेदार भी चुप बैठी हुवे है।

बैरियर उखाड़ फेंका, ग्रामीण नाराज

इस प्लाटिंग के लिए बड़ी मात्रा में मुरुम की जरूरत है। मुरुम परिवहन के लिए भू-माफिया और खनिज माफिया ने मिलकर सिंचाई विभाग के माइनर नहर के सर्विस रोड का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। हद तो तब हो गई जब उन्होंने इस रोड की सुरक्षा के लिए लगे बैरियर को तोड़कर फेंक दिया। बैरियर तोड़े जाने से ग्रामीणों में नाराजगी है। जनपद सदस्य सहित ग्रामीणों ने इसकी शिकायत की थी। परंतु अब तक इस मामले में कोई एक्शन नहीं लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस मार्ग पर कई घर हैं। बच्चे भी यहां से आना जाना करते हैं। उधर मुरुम सप्लाई के लिए बड़ी-बड़ी हाइवा दौड़ती रहती हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।

मंत्री अकबर ने 118 परिवारों को स्वीकृति पत्र वितरण किया

■ **स्वीकृति पत्र पाकर हितग्राहियों के चेहरे खुशी से खिल उठे**

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने अपने एक दिवसीय कबीरधाम जिले के प्रवास के दौरान बोड़ला नगर पंचायत में 118 परिवारो को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मकान बनाने की स्वीकृति पत्र का वितरण किया। मंत्री अकबर ने स्वीकृति पत्रक वितरण कर बधाई व शुभकामनाएं दी। स्वीकृति पत्र पाकर हितग्राही भी गदगद हुए।

कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर सभी परिवारों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए सभी वार्डो के हितग्राहियों का नाम पढ़कर हितग्राहियों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि अब एक विधायक होने के नाते क्षेत्र का विकास और लोगों की समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता में शामिल है। जब कि क्षेत्र के जनसंपर्क तथा संवाद के माध्यम से मांग, अथवा अन्य संज्ञान में लाई जाएगी, उन्हें पूरा करने का सदैव प्रयास करते रहेंगे। मंत्री श्री अकबर ने कहा, आपने हम पर भरोसा किया, और हम अपने वायदे को एक-एक कर पूरी ईमानदारी से कर रहे है। उन्होंने कहा है कि हमने सरकार बनाने से पहले जनता से जो वायदा किए थे। उन सभी वादों को प्राथमिकता में रखते हुए पूरा कर रहे है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार किसानों के अल्पकालीन ऋण माफ किया गया। जिले के 75 हजार 450 किसानों का 455 करोड़ 65 लाख रूपए ऋिण माफी स्वीकृत किया गया है। प्रदेश के 65 लाख परिवारों के लिए राशन कार्ड बना कर दिया। आने वाले इस तीन वर्षो में समय के साथ परिवार का विभाजन हो रहा है, अब फ्रि से उन परिवारों द्वारा नया राशन कार्ड अथवा वर्तमान राशन कार्ड का विभाजन करने की समस्या संज्ञान में लाई गई। राज्य सरकार ने ऐसे सभी परिवारों को अब राशन कार्ड बना कर दे रहे है।

केबिनेट मंत्री अकबर ने कहा कि राज्य के 5 लाख 81 हजार से अधिक किसानों को मुक्त और रियाती दरों पर बिजली देकर सलाना 900 करोड रूपए की राहत दी जा रही है। बस्तर के लोहाड़ीगुड़ा में 1707 किसानों का 4200 एकड़ अधिग्रहित भूमि को आदिवासियों को वापस किया गया है।

एसडीओपी ने किया सिटी कोतवाली का निरीक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में 28 मार्च को एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की ने थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा एवं पुलिस चौकी देवरबीजा, पुलिस चौकी खण्डसरा का प्रथम अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। एसडीओपी महोदय द्वारा कीट परेड निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों का मनोबल बढाये जाने के साथ कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में निर्देश दिया गया। साथ ही पुलिस जवानो को हमेशा खुश रहने का टिप्स दिये व उनकी समस्याओं को सुनते हुए यथोचित निराकरण का आश्वासन दिया गया तथा थाना/चौकी की जप्ती माल, मालखाना, जप्ती रजिस्टर, जरायम, शिकायत, डियुटी रजिस्टर, मुर्त रजिस्टर, थाना/चौकी की अन्य रजिस्टर व तख्ती चेक किये। थाना/चौकी की साफसफाई हेतु विशेष ध्यान रखने तथा लंबित अपराधो, मर्ग, गुम, शिकायत और लंबित वारंटो की निकाल करने एवं असमाजिकतत्वो के विरूद्ध अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक एवं बाउंड ओवर की कार्यवाही करने व थाना/चौकी में रिपोर्ट करने आये महिला आगंतुक/रिपोर्टकर्ता से संयमित व्यवहार करने एवं उनकी रिपोर्ट को गंभीरता पुर्वक लेते हुये तत्काल उचित कार्यवाही करने, समस्त स्टाफ को डियुटी के दौरान निर्धारित साफसुथरी वर्दी धारण करने निर्देश दिये गये।

संसदीय सचिव ने पानी टंकी निर्माण के साथ ही विस्तारीकरण का शुभारंभ

■ **निर्माण कार्य पूरा होने के बाद ग्रामीणों के घरों तक पहुंचेगा साफ पानी**

महासमुंद/नवप्रदेश। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने ग्राम मुसकी में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी निर्माण व पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यहां पानी टंकी निर्माण व पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्य पूरा होने से ग्रामीणों के घरों तक साफ पानी पहुंच सकेगा।

आज बुधवार को ग्राम मुसकी में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी निर्माण व पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्य का शुभारंभ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अतिथि के रूप में कृषि उपज मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री संजय शर्मा, सरपंच संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र चंद्राकर, दिलीप चंद्राकर, सरपंच मोतीन ध्रुव, सरपंच प्रतिनिधि सहदेव ध्रुव मौजूद रहे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने पानी टंकी व पाइपलाइन विस्तारीकरण की सौगात मिलने पर ग्रामवासियों को बधाई देते हुए कहा कि जल्द ही इसका निर्माण कार्य पूरा होने के बाद ग्रामीणों को घरों तक साफ पानी मिलने लगेगा। उन्होंने कहा कि पेयजल को लेकर अक्सर क्षेत्र के प्रवास पर पहुंचने पर खासकर महिलाएं अपनी समस्या रखती थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए जल जीवन मिशन के तहत ऐसे गांवों को प्राथमिकता में लिया गया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में विकास की गति को बढ़ाने के साथ-साथ ग्रामीणों को सुविधा मुहैया करवाने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्र के विकास की दिशा में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर उनका आभार भी जताते हुए कहा कि जो भी मांग की जा रही है उसे पूरा किया जा रहा है। जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी है तब से क्षेत्र में द्रुत गति से विकास हो रहा है।

औषधीय एवं सुगंधित फसलों पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सम्पन्न

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय गरियाबंद स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र में विगत 27 मार्च 2023 को अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (औषधीय एवं सुगंध फसल) के अन्तर्गत इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के पादप कार्यिकी, कृषि जैव रसायन, औषधीय एवं सुगंध विभाग द्वारा औषधीय एवं सुगंधित फसलों पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कृषि विज्ञान केन्द्र गरियाबंद के प्रमुख डॉ. मनीष चौरसिया ने छत्तीसगढ़ में औषधीय एवं सुगंधित फसलों की व्यवसायिक खेती का महत्व के बारे में जानकारी दी। औषधीय एवं सुगंध विभाग के प्राध्यापक डॉ. यमन देवांगन ने विभिन्न औषधीय एवं सुगंधित फसल जैसे तुलसी, चन्द्रसुर, लेमनग्रास, पान, अश्वगंधा आदि पौधों की उन्नत उत्पादन तकनीको की जानकारी दी। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय की सह- प्राध्यापक डॉ. ऐलिस टिरकी ने विभिन्न औषधीय एवं सुगंधित फसल तुलसी, चन्द्रसुर, लेमनग्रास, पान, अश्वगंधा आदि पौधों की उन्नत किस्मों की पहचान, उनके गुण एवं उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। के.वी.के. गरियाबंद के वैज्ञानिक डॉ. शालू एन अब्राहम एवं डॉ. ईशू साहू ने कृषको को अवगत कराया कि किस प्रकार स्व-सहायता समूह औषधीय एवं सुगंधित फसलों की खेती करके किस प्रकार लाभ ले सकतें है। इस प्रशिक्षण में इफको टोकियो (समन्वित ग्रामीण विकास परियोजना) के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी तनवीर खान एवं कनिष्ठ प्रबंधक हरेश यादव भी उपस्थित थे एवं इनके परियोजना ग्राम भरुआमुड़ा, हिराबत्तर और जटियातोरा के 30 किसानों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण के दौरान किसानों को पान, अष्वगंधा, इन्सुलिन पौधा, तुलसी, ऐलोवेरा इत्यादि के पौधों के साथ जैव उवेरक पी.एस.बी., ऐजेटोबैक्टर एवं प्रमाण पत्र का भी वितरण किया गया। इस प्रशिक्षण में छुरा विकासखण्ड के ग्राम भरुआमुड़ा, हिराबत्तर एवं जटियातोरा के 30 किसानों ने भाग लिया।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

रायपुर मेयर ढेबर ...

करीब नौ बजे के आसपास दबिश दी। छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग के चेयरमेन अरुणपति त्रिपाठी के सेक्टर-9 स्थित बंगले में ईडी की कार्रवाई चल रही है। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के ठेकेदार अतुल सिन्हा के नेहरू नगर स्थित निवास पर भी ईडी की कार्रवाई चल रही है। ईडी ने आधिकारिक पुष्टि नहीं की है, कि किन-किन जगहों पर छापे मार की कार्रवाई हुई है लेकिन जिनके के यहां छापे पड़े हैं उनके निवास के सामने सीआरपीएफ के जवान मौजूद हैं।

मेयर के समर्थकों ने किया प्रदर्शन : रायपुर महापौर एजाज ढेबर और उनके भाई अनवर ढेबर के घर में दबिश दी। एजाज ढेबर के समर्थक उनके घर के सामने पहुंचकर ईडी और केंद्र सरकार के खिलाफ डीजे लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता महापौर के बंगले के सामने ढोल बजाकर केन्द्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। सुरक्षा के लिए बड़ी संख्या में पुलिसबल तैनात है। निगम सभापति प्रमोद दुबे, एमआईसी सदस्य आकाश तिवारी, शहर जिला अध्यक्ष गिरीश दुबे भी मौके पर मौजूद रहे।

चुनौतियों के बावजूद ...

पहला शिखर सम्मेलन 9-10 दिसंबर, 2021 को आयोजित किया गया था। तीन विषय अधिनायकवाद से बचाव, भ्रष्टाचार से मुकाबला और मानवाधिकारों के प्रति सम्मान को बढ़ावा देना है।

फर्जी सूचनाओं का ...

के अधिकारियों को फ र्जी समाचारों से निपटने का उत्तरदायित्व भी लेना होगा। उन्होंने अधिकारियों से प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने तथा सोशल मीडिया में झूठी कहानियां गढ़ने की प्रवृत्ति पर नियंत्रण के लिए समर्पण के साथ काम करने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी वैश्विक मंच पर भारत की छवि निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भारत ने हमेशा विश्व को शांति और भाईचारे का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि पूरी मानवता के लिए सांस्कृतिक संदेशों के माध्यम से भारत की 'सॉफ्ट पावर' का प्रसार एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है जहां अधिकारी बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों को हमेशा यह याद रखने की सलाह दी कि उनके पद जिम्मेदारी और जवाबदेही के हैं। उन्होंने कहा कि उनके प्रत्येक निर्णय और कार्रवाई से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से नागरिकों के जीवन पर प्रभाव पड़ेगा। इसलिए, लक्ष्यों को देश के विकास तथा नागरिकों की भलाई के साथ जोड़ा जाना चाहिए।

'जब नेता राजनीति में ...

खिलाफ अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा, हर दिन तुच्छ तत्व टीवी और सार्वजनिक मंचों पर दूसरों को बदनाम करने के लिए भाषण दे रहे हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केरल में एक व्यक्ति द्वारा एक खास समुदाय के खिलाफ दिए गए अपमानजनक भाषण की ओर भी पीठ का ध्यान दिलाया और कहा कि याचिकाकर्ता शाहीन अब्दुल्ला ने देश में नफरती भाषणों की घटनाओं का चुनिंदा रूप से जिक्र किया है।

केंद्र सरकार के खिलाफ ...

वो 29 और 30 मार्च को धरना देने के बाद आगे की रणनीतियों की घोषणा करेगी।

कर्नाटक में चुनावी ...

और 13 मई को मतगणना होगी। राज्य में पुरुष मतदाताओं की संख्या 2.6 करोड़ है, जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 2.5 करोड़ है। कुमार ने कहा कि कर्नाटक में आगामी चुनावों में 9.17 लाख से अधिक पहली बार मतदान करने वाले मतदाता भाग लेंगे। उन्होंने कहा, अग्रिम आवेदन सुविधा के तहत, 17 साल से अधिक उम्र के युवाओं से 1.25 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से लगभग 41,000 आवेदन एक अप्रैल, 2023 तक 18 साल के युवाओं से प्राप्त हुए। इसके अलावा, राज्य में 42,756 ट्रांसजेंडर हैं। विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही राज्य में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है।

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग छ.ग.

रा.प्र.क्र. 202303101500062
ब / 121 वर्ष 2022-23

ईश्तहार

एतत् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम अमलेश्वर प.ह.नं. 03 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाषित किया जाता है कि आवेदक संतोष कुमार देवांगन अन्य 01 निवासी अमलेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग छ. ग. द्वारा मौजा ग्राम अमलेश्वर प.ह.नं. 03 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि आवेदक संतोष कुमार देवांगन व अन्य के नाम पर दर्ज भूमि खसरा नंबर 296/26 रकबा क्रमशः 0.0460 हे. का मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने से द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत आवेदन पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः आवेदक संतोष कुमार देवांगन अन्य 01 निवासी अमलेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर उपरोक्त भूमि का आवेदक को द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण मे सुनवाई तिथि 10.04.2023 तक इस न्यायालय मे प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22.03.2023 को जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार, पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार, कुण्डा, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार

ईश्तहार द्वारा आम जनता ग्राम भटरूसे को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री समारू पिता श्री बनवाली जाति सतनामी निवासी ग्राम भटरूसे तहसील पण्डरिया जिला कबीरधाम छ.ग. के द्वारा अपने मां त्रिवेणी पति बनवाली की मृत्यु दिनांक 04.01.2004 को ग्राम भटरूसे में हुआ है। जिसका मृत्यु प्रमाण प्रदान प्रदान किए जाने संबंधी आवेदन पत्र के साथ चालान की प्रति एवं आधार कार्ड की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 13.04.2023 तक मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार के दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.03.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया।

सील — तहसीलदार, कुण्डा

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. अ-6/2020-21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है। आवेदक अशोक बोहरे पिता स्व. जगदीश प्रसाद बोहरे निवासी ग्राम पोटिया रोड आदर्शनगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 95/57 रकबा 0.013 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार जगदीश प्रसाद बोहरे की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह पेशी दिनांक 10.04.2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/3/23 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

जारी दिनांक 28.3.2023
सुनवाई दिनांक 10.04.2023

सील — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

अ-2/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका प्रेमबती यादव आ./पति बुधारू यादव निवासी सरस्वती नगर दुर्ग के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम दुर्ग प.ह.नं. 16/24 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं 684/149 रकबा 0.0050 हे0 576 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27/02/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

कार्यालय नगर पालिक निगम, जोन क्र. 06, रायपुर (छ.ग.)

-:: निविदा आमंत्रण सूचना ::-

क्रमांक 92/न.पा.नि./ जोन क्रमांक - 06/2022-23 — रायपुर दिनांक 27/03/2023

नगर पालिक निगम, रायपुर जोन क्रमांक 06 द्वारा निम्न कार्य हेतु निर्धारित SOR (निविदा दिनांक तक संशोधित) पर लोक कर्म विभाग से पंजीकृत ठेकेदारों (ई-रजिस्ट्रेशन ''डी'' एवं उससे ऊपर) / फर्म एवं संस्था / एजेंसी से दो लिफाफा पद्धति के अनुसार (लिफाफा ''अ'' में निविदा से संबंधित आवश्यक दस्तावेज एवं ''ब'' में निविदा प्रपत्र) सील बंद निविदा पृथक-पृथक आमंत्रित की जाती है। कार्य का निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु दिनांक 11/04/2023 तक निर्धारित राशि सहित आवेदन कार्यालयीन अवधि में जमा किया जा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र एवं निविदा हेतु आवश्यक दस्तावेज दिनाँक 18/04/2023 तक पंजीकृत डॉक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से सायं 5.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त होना अनिवार्य है। प्राप्त निविदाये दिनाँक 19/04/2023 को सुबह 11.30 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियो के समक्ष खोली जावेगी।

क्र.	कार्य का विवरण	अगणित राशि	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	एस.ओ.आर.	समया अवधि
1	महामाया मंदिर वार्ड क्र. 65 अंतर्गत डबरी तालाब के छोर से गुप्ता किराना तक नाली पुलिया निर्माण कार्य।	200000.00	3000.00	300.00	PWD Building SOR 01.01.2015	3 माह
2	महामाया मंदिर वार्ड क्र. 65 अंतर्गत अमर अग्रवाल के घर से दिवान हॉस्पिटल तक नाली निर्माण कार्य।	600000.00	6000.00	750.00	PWD Building SOR 01.01.2015	3 माह
3	महामाया मंदिर वार्ड क्र. 65 अंतर्गत प्रोफेसर कॉलोनी सेक्टर 1 श्रीराम इंटरप्राईजेस भैया तालाब से रिंग रोड तक नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य।	1670000.00	17000.00	750.00	PWD Building SOR 01.01.2015	3 माह
4	महामाया मंदिर वार्ड क्र. 65 अंतर्गत प्रोफेसर कॉलोनी सेक्टर 2 विभिन्न आंतरिक नालियों को मुख्य नाली से जोडने का निर्माण कार्य ।	1891000.00	19000.00	750.00	PWD Building SOR 01.01.2015	3 माह
5	महामाया मंदिर वार्ड क्र. 65 अंतर्गत प्रोफेसर कॉलोनी सेक्टर 2 अटल उद्यान से लेकर मेन रोड चिंगरी नाला तक नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य।	1900000.00	19000.00	750.00	PWD Building SOR 01.01.2015	3 माह

निविदा से संबंधित अन्य जानकारी व शर्ते कार्यालयीन समय में अथवा नगर निगम के वेवसाईट से प्राप्त की जा सकती है ।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक 06
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम भिलाई, जिला-दुर्ग
जोन क्रमांक- 05

E mail:-zonefivebhilai@gmail.com

क्र./ लो.क.वि/जोन क्र. 05 / 2023/165/555 — भिलाई, दिनांक 29/03/2023

निविदा आमंत्रण सूचना

आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से लोक निर्माण विभाग के भवन निर्माण एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015, रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015 विद्युत एस.ओ.आर. 01.07.2015/01.06.2020 एवं अद्यतन संशोधन के आधार पर कम/अधिक एवं आयटम दर पर निम्नलिखित कार्य हेतु मुहरबंद निविदा स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन नियत तिथि 11.04.2023 को सांय 5.30 बजे तक इस कार्यालय में आवेदन के साथ निर्धारित राशि नगद जमा किया जाना अनिवार्य होगा।

- निविदा जारी करने की तिथि - दिनांक 29.03.2023
- आवेदन की अंतिम तिथि- दिनांक 11.04.2023 सांय 5.30 बजे तक
- निविदा प्राप्ति की तिथि - दिनांक 19.04.2023 सांय 5.30 बजे तक
- निविदा खोले जाने की तिथि - दिनांक 20.04.2023

नोट :- निविदादाता लिफाफा में पत्र व्यवहार का पूर्ण पता अनिवार्य रूप से अंकित करें ।

क्र.	कार्य का नाम	निविदा लागत राशि लाख में	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	समयावधि
1	वार्ड क्र. 57 सेक्टर 4 सड़क 5 से लेकर 10 तक एवं 7, 8 में नाली निर्माण कार्य।	9.98	7500.00	750.00	90 दिन
2	वार्ड क्र. 59 सेक्टर 5 में बैडमिंटन कोर्ट निर्माण कार्य	10.00	7500.00	750.00	90 दिन
3	वार्ड क्र. 60 सेक्टर 5 गणेश मंदिर रोड में स्थित खेल मैदान एवं लैण्डस्केप, लाईट का संधारण कार्य।	10.00	7500.00	750.00	90 दिन
4	वार्ड क्र. 61 सेक्टर 6 के विभिन्न स्थानों पर नाली एवं पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य ।	10.00	7500.00	750.00	90 दिन
5	वार्ड क्र. 62 सेक्टर 6 एलआईसी कॉलोनी एसबीआई कॉलोनी एवं ए मार्केट में सीमेंटीकरण कार्य।	10.00	7500.00	750.00	90 दिन
6	वार्ड क्र. 63 सेक्टर 6 एवेन्यु ए सड़क 77 एवं 78 में सीमेंटीकरण कार्य।	9.99	7500.00	750.00	90 दिन
7	वार्ड क्र. 64 सिविक सेंटर सेक्टर 10 सड़क 22.23 के मध्य एवं सड़क 22 बस्ती में सीमेंटीकरण कार्य।	10.00	7500,00	750.00	90 दिन
8	वार्ड के 65 सेक्टर 10 जोनल मार्केट के समीप बैडमिंटन कोर्ट निर्माण कार्य।	10.00	7500,00	750.00	90 दिन
9	वार्ड के 66 सेक्टर 7 पूर्व मार्केट के पास विभिन्न स्थानो में नाली निर्माण एवं ई मार्केट से सेक्टर को जोडने वाले रोड एवं सेक्टर 7 तालाब में सीसी रोड निर्माण एवं पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य ।	10.00	7500.00	750.00	90 दिन
10	वार्ड के 67 सेक्टर 7 पश्चिम सड़क 32 एवं 33 ए मे नाली निर्माण एवं भिलाई रेल्वे के पास सीसी रोड एवं पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य ।	10.00	7500.00	750.00	90 दिन
11	वार्ड क्र. 68 सेक्टर 08 मार्केट में पेवर एसपीए एनपीए में पेवर ब्लॉकलगाने का कार्य।	10.00	7500.00	750.00	90 दिन
12	वार्ड क्र. 69 सेक्टर 9 एनपीए एसपीए में दोनों तरफ पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य।	10.00	7500.00	750.00	90 दिन
13	वार्ड क्र. 70 हुडको के विभिन्न स्थानों पर पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य।	10.00	7500.00	750.00	90 दिन

(1) उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम भिलाई की वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in एवं चीप्स की वेबसाईट के वेबसाईट eproc.cgstate.gov.in से देखी जा सकती है।

जोन आयुक्त
जोन क्र. 05 सेक्टर 06
नगर पालिक निगम, भिलाई

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

कोरबा में शुरू हुआ कैंसर का उपचार, अब मरीजों को नहीं जाना पड़ेगा बाहर

■ ब्रेस्ट कैंसर का हुआ सफल ऑपरेशन, महिला को मिली नई जिंदगी

कोरबा/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं में की जा रही वृद्धि का परिणाम लोगों को मिलने लगा है। जिले में नवीन मेडिकल कॉलेज खोले जाने से बड़ी से बड़ी बीमारियों का उपचार की राह आसान होने लगी है। इसी कड़ी में कैंसर जैसी बीमारी के उपचार के लिए बड़े शहरों और महानगरों की ओर जाने वाले मरीजों को अब बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्हें शहर के मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय में उपचार का लाभ मिलने लगा है। इससे मरीजों को अनावश्यक पैसे भी खर्च नहीं करने पड़ेंगे और मरीजों के समय की बर्बादी भी नहीं होगी। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में होने वाला जटिल से जटिल ऑपरेशन तथा इलाज अब जिला चिकित्सालय कोरबा में कराना संभव हो गया है। मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ प्रभात पाणीग्रही एम.एस. तथा उनकी टीम के द्वारा एक 35 वर्षीय महिला के ब्रेस्ट कैंसर का सफ्ल ऑपरेशन किया गया है। जिससे जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि की एक नई प्रगति दिखाई देने लगी है।

बिलासपुर व रायपुर जाने की थी मजबूरी : मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय में कैंसर की सर्जरी शुरू होने से जिले के मरीजों में उम्मीद की किरण जग गई हैं, इसके पूर्व कोरबा तथा मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय कोरबा में कैंसर के मरीजों के लिए उपचार तथा ऑपरेशन की सुविधा नहीं होने के कारण जिले के कैंसर से पीड़ित मरीजों को बिलासपुर, रायपुर तथा अन्य राज्यों में जाकर इलाज करवाना पडता था। यह बेहद खर्चीला था और आने-जाने तथा ठहरने में समय के साथ अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ती थी। अब जबकि जिले के कैसर पीड़ित मरीजों को मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय कोरबा में इलाज की सुविधा उपलब्ध है तो मरीजों की एक बड़ी समस्या का निराकरण संभव हो पाया है।

महिला को मिली नई जिंदगी : मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय में पदस्थ डॉ. पाणीग्रही द्वारा बताया गया कि कैंसर बीमारी तेजी से लोगों को अपनी चपेट में ले रही हैं। 04 जनवरी 2023 को मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय कोरबा में एक 35 वर्षीय महिला जो ब्रेस्ट कैंसर स्टेज 2बी की समस्या से जूझ रही थी, उसे एडमिट कराया गया। आयुष्मान भारत स्कीम के तहत उसका ऑपरेशन किया गया। इसके पूर्व यह महिला 1 वर्ष से भी अधिक समय से अलग-अलग अस्पताल में जाकर इलाज एवं ऑपरेशन के लिए भटक रही थी। यहां इसका सफ्ल ऑपरेशन किया गया जिससे महिला को नई जिन्दगी मिल गई। उन्होंने बताया कि महिला के रिकव्हरी की रफ्तार भी अच्छी है। हम प्रोटोकॉल का पालन कर रहे हैं और आवश्यकतानुसार उसका कीमो और रेडियोथेरेपी का ट्रीटमेंट किया जाएगा।

4थी कक्षा की छात्रा की पिटाई, सहायक शिक्षक निलंबित

कोरबा/नवप्रदेश। कक्षा चौथी की छात्रा की पिटाई करने के मामले में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा अनुपमा मिंज, सहायक शिक्षक एलबी शासकीय प्राथमिक शाला गोढ़ी, विकासखण्ड कोरबा को बीईओं कोरबा के जांच प्रतिवेदन के आधार पर छग सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 तथा नियम 10 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय बीईओ कार्यालय कोरबा निर्धारित करने के साथ नियमानुसार जीवन निर्वाह की पात्रता प्रदान की गई है।

प्रवेश उत्सव में मिलेगी स्कूली बच्चों को निःशुल्क कॉपी पुस्तकें

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के स्कूली बच्चों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण शाला प्रवेश उत्सव के दिन से शुरू हो जाएगा। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सभी जिलों में 16 जून को शाला प्रवेश उत्सव मनाने के निर्देश दिए गए है। शाला प्रवेश उत्सव में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का स्वागत तिलक लगाकर किया जाएगा। साथ ही उन्हें निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें भी वितरित की जाएगी।

प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. आलोक शुक्ला ने कहा है कि निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों के वितरण के लिए समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इस कार्य में पाठ्य पुस्तक निगम के साथ ही समग्र शिक्षा अभियान और लोक शिक्षण संचालनालय के अधिकारी समन्वय बनाकर कार्य करें। डॉ. शुक्ला ने यह भी कहा है कि मुद्रण से संबंधित सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली जाए। पुस्तकों का भण्डारण सुरक्षित ढंग से किया जाए।

पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा शासकीय और अनुदान प्राप्त शालाओं के कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए संकुल स्तर, कक्षा 9वीं-10वीं के विद्यार्थियों के लिए हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी स्तर, पंजीकृत मदरसों में कक्षा पहली से 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए विकासखण्ड स्तर और गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय शालाओं के विद्यार्थियों के लिए सीधे निगम के डिपो स्तर पर पाठ्यपुस्तकों के परिवहन के लिए जरूरी वाहनों का निर्धारण यथा समय पूर्व सुनिश्चित कर लिया जाए।

पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा पाठ्यपुस्तकों के परिवहन के लिए आवश्यक रूट चार्ट-जिलावार, संकुलवार या संस्थावार, तिथिवार तैयार कर इसकी सूचना सर्वसंबंधित नोडल अधिकारियों-संभागीय संयुक्त संचालकों, जिला शिक्षा अधिकारियों, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों, संकुल प्रभारियों और डिपो मैनेजर आदि को समय पूर्व दी जाए, ताकि उत्तरदायी कर्मचारी समय पर पाठ्यपुस्तकें प्राप्त करने तैयार रहें तथा परिवहन और अनलोडिंग कार्य में भी अनावश्यक बाधा उत्पन्न न हो।

सभी संकुल समन्वय तथा प्राचार्य हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वारा अपने कार्य क्षेत्र के अंतर्गत वितरण होने वाली आवश्यक पाठ्यपुस्तकों की सुव्यवस्थित अनलोडिंग के रख-रखाव के लिए पर्याप्त भवन, स्थान निर्धारण का कार्य पूर्व से ही पूर्ण कर लिया जाए। पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा निर्धारित एवं संसूचित तिथि एवं समय अनुसार संकुल समन्वयक, प्राचार्य हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वारा पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा प्रदायित सेट का भली-भांति संख्या मिलान कर ही प्राप्त किया जाए।

ग्राम पंचायत सचिव को जिपं सीईओ ने किया निलंबित

रायगढ़/नवप्रदेश। जिला पंचायत रायगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अबिनाश मिश्रा ने ग्राम पंचायत सचिव केशव पटेल को 15 वे वित्त की राशि का दुरूपयोग करने के संबंध में दोषी पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में उन्हें कार्यालय जनपद पंचायत घरघोड़ा में अटैच किया गया है। जिला पंचायत रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कुडूमकेला, जनपद पंचायत घरघोड़ा के ग्राम पंचायत सचिव केशव पटेल द्वारा 15 वें वित्त आयोग की राशि का दुरूपयोग करना, कतिपय कार्यों में मूल्यांकन से अधिक भुगतान करना, बिना मूल्यांकन सत्यापन के नियम विरूद्ध भुगतान करना एवं बिना बिल व्हाउचर के भुगतान किए जाने के लिए प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया। जिस संबंध में उन्हें कार्यालय द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। लेकिन उनके द्वारा प्रस्तुत जवाब समाधानकारक नहीं पाया गया।